# प्रश्न बैंक

सत्र - 2021-22

## विषय—हिंदी

## कक्षा — पाँचवीं



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

**प्रकाशन वर्ष 2021**

**संरक्षक**
डी. राहुल वेकंट 'IAS'
संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**
डॉ.योगेश शिवहरे
अतिरिक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**
श्रीमती कौशिल्या खुटे

**विशेष सहयोग**
डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**
डॉ.जयभारती चन्द्राकर

**लेखन**
ज्योति चाणक्य, सुनीला फ्रेंकलीन

**टंकण**
लीना साहू

**आवरण**
सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़
शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए पूरे देश में सभी शैक्षणिक संस्थाएँ शिक्षा सत्र 2020–21 में बंद थी। विषम परिस्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 'पढ़ई तुँहर दुआर', 'मोहल्ला कक्षा', लाउडस्पीकर, बुल्टू के बोल, जैसे अनेक नवाचारी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए थे। जिसके तहत हमारे शिक्षक ज्यादा से ज्यादा बच्चों को सीखने का अवसर प्रदान करते रहे। 2021–22 में भी स्कूल खुलने में अनिश्चितता की स्थिति है और इस स्थिति को देखते हुए आयुक्त लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ द्वारा पुनः ऑनलाइन कक्षा, मोहल्ला कक्षा/पारा कक्षा के संचालन के लिए आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें बच्चों की नियमित उपस्थिति ली जायेगी तथा पढ़ाए गए विषयों पर प्रतिमाह आकलन किए जाएँगे।

इस तरह से सत्र 2021 में भी विभिन्न नवाचारी माध्यमों का आधार लिया जाकर बच्चों की पढ़ाई (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। 'पढ़ई तुँहर दुआर' के अंतर्गत परिषद् द्वारा ऑनलाइन क्लासेस, आडियो, विडियो, मेनुअल वर्कशीट का निर्माण किया गया । इसी निरन्तरता के अनुक्रम में विषयानुसार सभी कक्षाओं के लिए (1–10) **प्रश्न बैंक** का निर्माण किया गया है। निर्मित **'प्रश्न बैंक'** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं।

शिक्षक या शिक्षा सारथी जब मोहल्ला अथवा पारा कक्षा में बच्चों से जुड़ेंगे तो यह **'प्रश्न बैंक'** पाठ को आगे बढ़ाने में उनकी मदद करेगा।

सृजित **'प्रश्न बैंक'** में समाहित प्रश्न अनुप्रयोग, कौशल एवं समझ आधारित है। प्रश्न और उत्तर की भाषा स्तरानुकूल है। **'प्रश्न बैंक'** के प्रश्नों का उपयोग वर्तमान में 'पढ़ई तुँहर दुआर' के अंतर्गत ऑनलाइन/ऑफलाइन अध्ययन–अध्यापन के दौरान बच्चों में अपेक्षित कौशलों के विकास को जाँचने के लिए किया जा सकेगा। इन प्रश्नों से पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को और अधिक पुष्ट करने में मदद मिलेगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **'प्रश्न बैंक'** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय–वस्तु की समझ विकसित होगी। छात्र पाठ पढ़कर स्वतः प्रश्न निर्माण कर पाएँगे।

यह **'प्रश्न बैंक'** शिक्षक, पालक एवं छात्रों के लिए उपयोगी है इतना ही नहीं विद्यार्थी अपने विचार, समझ और अपनी प्रगति के बारे में स्वयं आकलन कर सकेंगे।

**संचालक**
एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर

## अनुक्रमणिका


| पाठ | पाठ का नाम | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | मैं अमर शहीदों का चारण | 1 - 5 |
| 2 | घी, गुड़ और शहद देनेवाला वृक्ष | 6 - 9 |
| 3 | सोन के फर | 10 - 11 |
| 4 | मैं सड़क हूँ | 12 - 16 |
| 5 | रोबोट | 17 - 22 |
| 6 | चित्रकार मोर | 23 - 26 |
| 7 | क्यूँ - क्यूँ छोरी | 27 - 30 |
| 8 | स्वामी आत्मानंद | 31 - 32 |
| 9 | श्रम के आरती | 33 - 34 |
| 10 | सुनीता की पहिया कुर्सी | 35 - 38 |
| 11 | महामानव | 39 - 42 |
| 12 | गुंडाधूर | 43 - 46 |
| 13 | जंगल के राम कहानी | 47 - 49 |
| 14 | रेशम, चंदन और सोने की धरती - कर्नाटक | 50 - 54 |
| 15 | एक और गुरू दक्षिणा | 55 - 59 |
| 16 | पत्र | 60 - 61 |
| 17 | जीवन के दोहा | 62 - 64 |
| 18 | हार नहीं होती | 65 - 66 |
| 19 | राष्ट्र - प्रहरी | 67 - 69 |
| 20 | मस्जिद या पुल | 70 - 72 |
| 21 | सुनता के डोर | 73 - 75 |
| 22 | महापुरूषों का बचपन | 76 - 77 |
| 23 | गुरू और चेला | 78 - 79 |
| 24 | बाबा अंबेडकर | 80 - 81 |
| 25 | चमत्कार | 82 - 83 |

## पाठ - 1

## मैं अमर शहीदों का चारण

सही उत्तर चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - कवि किसका यशगान कर रहा है -

(अ) देश का (ब) शहीदों का

(स) देवताओं का (द) प्रकृति का

उत्तर- (ब) शहीदों का

प्रश्न 2 - चारण का अर्थ है -

(अ) कीर्ति गायक (ब) पैर

(स) मातृभूमि (द) चौराहा

उत्तर -(अ) कीर्ति गायक

प्रश्न 3 - हम लोगों ने शहीदों को भुला दिया है यह भाव किस पंक्ति में हैं?

(अ) यह धर्म, कर्म, यह मर्म सभी को समझाया करता हूँ।

(ब) भारत मुर्दों का देश कहा जाता है।

(स) पूजे न गए शहीद तो वह बीज कहाँ से आएगा?

(द) याद शहीदों की हम लोगों ने दफनाई है।

उत्तर -(द) याद शहीदों की हम लोगों ने दफनाई है।

प्रश्न 4 - नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

(अ) सच (ब) मुर्दा

(स) धरती (द) धर्म

उत्तर - (अ) झूठ (ब) जिंदा

(स) आसमान (द) अधर्म

प्रश्न 5 - दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग किजिए।

1. पीढ़ी 2. कर्ज

उत्तर - 1. पीढ़ी = वंश

वाक्य प्रयोग - हमारे पीढ़ी में वन देवी की पूजा करने की परम्परा है।

2. कर्ज = उधार

वाक्य प्रयोग - मैंने जो आपसे कर्ज लिया था उसे आज चुकाने आया हूँ।

प्रश्न 6 - शहीद किसे कहते हैं ?

उत्तर- जो देश की रक्षा करता है व देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर कर देता है उन्हें शहीद कहते हैं ।

प्रश्न 7 - चारण किसे कहा जाता है ?

उत्तर- यह एक कीर्ति-गायक होते हैं जो वीरों का, शहीदों का यशगान करते हैं ।

प्रश्न 8 - 'मैं अमर शहीदों का चारण' पाठ के कवि का क्या नाम है ?

उत्तर- इस पाठ के कवि का नाम श्री कृष्ण 'सरल' है।

प्रश्न 9 - कवि किसका यशगान कर रहा है ?

उत्तर- कवि देश के अमर शहीदों का यशगान कर रहा है।

प्रश्न 10 - 'ठौर तीर्थ' किस स्थान को कहा जाता है ?

उत्तर- जहाँ पर वीर शहीदों का रक्त गिरता है, ऐसे स्थान को ठौर तीर्थ कहा जाता है।

प्रश्न 11 - 'अमर' शब्द का शाब्दिक अर्थ लिखिए ?

उत्तर- अमर - जो न मरे।

प्रश्न 12 - 'यश' शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए ?

उत्तर- यश - कीर्ति ।

प्रश्न 13 - 'जीवन' का विलोम शब्द क्या है ?

उत्तर- जीवन - मृत्यु ।

प्रश्न 14 - 'मुर्दा' का विलोम शब्द क्या है ?

उत्तर- मुर्दा - जिन्दा ।

प्रश्न 15 - कविता की पंक्ति पूरा करो ?

यह सच ................................

..............................दफनाई है,

यह सच ................................

.................................. आई है।

उत्तर - यह सच है याद शहीदों की

हम लोगों ने दफनाई है।

यह सच है उनकी लाशों पर

चलकर आजादी आई है।

प्रश्न 16 - नीचे दिए गए शब्दों का समानोच्चारित शब्द लिखो ।

अमर, कर्ज

उत्तर- अमर - समर, कर्ज - फर्ज

प्रश्न 17 - हमारे देश की रक्षा कौन करता है ?

उत्तर- हमारे देश की रक्षा सैनिक करता है ।

प्रश्न 18 - हमारे देश के राष्ट्रपिता कौन है ?

उत्तर- हमारे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी है।

प्रश्न 19 - देश के क्रांतिकारियों के नाम लिखो।

उत्तर- भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, वीरनारायण सिंह, पं. सुन्दरलाल शर्मा

प्रश्न 20 - याद किए हुए कोई चार लाइन देशभक्ति कविता लिखो ?

कदम कदम बढ़ाए जा

खुशी के गीत गाए जा,

ऐ जिन्दगी है कौम की

तू कौम पे लुटाये जा।

प्रश्न 21 - इन पंक्तियों के भाव स्पष्ट करो।

वे अगर न होते तो, भारत

मुर्दों का देश कहा जाता,

जीवन ऐसा बोझा होता

जो हमसे न सहा जाता ।

उत्तर - भावार्थ - इन पंक्तियों में कवि कहते हैं कि अगर हमारे देश पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद न होते तो हमारा देश

स्वाभिमान, साहस, देशप्रेम और भक्ति भावना से रहित मृत लोगों के देश की तरह होता और इस प्रकार का जीवन जीना हमारे लिए असहनीय हो जाता।

प्रश्न 22 - 'मैं अमर शहीदों का चारण' कविता में कवि के अनुसार कौन से स्थान तीर्थ कहलाते हैं?

उत्तर - कवि के अनुसार वे सभी स्थान जहाँ भारत माता के वीर पुत्रों ने अपने प्राण न्यौछावर किए और वे स्थान जहाँ उन सभी के अंतिम स्मृतियाँ हैं वे सारे स्थान तीर्थ कहलाते हैं।

प्रश्न 23 - हमारे देश में कितने प्रकार के सैनिक हैं उनके बारे में आप क्या-क्या जानते हैं? लिखो।

उत्तर -हमारे देश में तीन प्रकार के सैनिक हैं -

1. थल सेना - यह सेना देश की सेना का वह भाग होता है जो जमीन की रक्षा करता है और जमीन पर ही युद्ध करता है। इसमें सैनिक खाकी रंग की वर्दी पहनते हैं। इनका मुख्य कार्य देश को बाहरी और आंतरिक खतरों से बचाना और शांति बनाए रखना है। थल सेना प्राकृतिक आपदाओं में भी मानवीय बचाव अभियान चलाते हैं ।
2. जल सेना - यह भारतीय सेना का सामुद्रिक अंग है जो जलीय मार्गों से होने वाले आक्रमण से देश की सुरक्षा करते हैं। जल सेना के सैनिक नीले रंग व सफेद रंग की पोशाक पहनते हैं। जल सेना के अंतर्गत रणपोत, वायुयान वाहक, सुरंगे बिछाने तथा उन्हें नष्ट करने के अतिरिक्त समुद्र तट पर निर्माण, देखभाल का कार्य करता है।
3. वायु सेना - यह भारतीय सेना का एक अंग है जो वायु युद्ध, वायु सुरक्षा एवं वायु चौकसी का काम देश के लिए करती है। इसके सैनिक भी हल्के नीले और सफेद रंग की पोशाक पहनते हैं। भारतीय वायु सेना आपदा राहत कार्यक्रमों में प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुँचाने, खोज व बचाव अभियान में सहायता प्रदान करता है।

प्रश्न 24 - हम धरती को अपनी माँ कहते हैं क्यों? अपने विचार लिखिए।

उत्तर - जिस तरह एक माँ अपने बच्चे का बोझ उसे जन्म देने के पूर्व उठाती है और अपने सभी बच्चों को एक समान बिना भेद-भाव के प्यार और पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार धरती भी इस पर जन्म लेने वाले प्रत्येक मनुष्य को समान भाव से अपनी कृपा परोसती है इसलिए हम धरती को अपनी माँ कहते हैं।

# पाठ - 2

## घी, गुड़ और शहद देनेवाला वृक्ष

प्रश्न 1 - सही उत्तर चुनकर लिखिए -

1. घी, गुड़ और शहद देने वाले वृक्ष को स्थानीय लोग कहते हैं -

(अ) घी वाला वृक्ष (ब) च्यूरा वाला वृक्ष

(स) इंडियन बटर ट्री (द) कल्प वृक्ष

उत्तर -(ब) च्यूरा वाला वृक्ष

2. यह अनोखा वृक्ष <u>नेपाल</u> में पाया जाता है । वाक्य में रेखांकित शब्द कौन-सा है -

(अ) व्यक्ति वाचक संज्ञा (ब) जातिवाचक संज्ञा

(स) भाव वाचक संज्ञा (द) गुण वाचक संज्ञा

उत्तर -(अ) व्यक्ति वाचक संज्ञा

3. च्यूरा वृक्ष के किस हिस्से से घी बनाया जाता है -

(अ) फल (ब) फूल

(स) जड़ (द) बीज

उत्तर -(द) बीज

4. सही शब्द चुनो -

(अ) स्वादृष्ट (ब) स्वादिष्ट

(स) सवादिष्ट (द) स्वदिष्ट

उत्तर -(ब) स्वादिष्ट

प्रश्न 2 - च्यूरा वृक्ष से गाँव वालों को और क्या-क्या मिलता है?

उत्तर - च्यूरा वृक्ष से गाँव वालों को घी, गुड़ और शहद के साथ-साथ फल, औषधि, जानवरों के लिए चारा, ईंधन और कीड़ों को मारने के लिए कीटनाशक भी मिलता है।

प्रश्न 3 - 'इत' जोड़कर दो शब्द बनाओ और वाक्य में प्रयोग कर लिखो।

उत्तर - (1) सुगंध + इत = सुगंधित

वाक्य प्रयोग - यह फूल कितना सुगंधित है।

(2) प्रतिबंध + इत = प्रतिबंधित

वाक्य प्रयोग - सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है।

प्रश्न 4- घी, गुड़ और शहद देने वाला वृक्ष का नाम लिखो ?

उत्तर- च्यूरा वृक्ष ।

प्रश्न 5 - 'च्यूरा वृक्ष' को और क्या-क्या कहते हैं ?

उत्तर- ' 'च्यूरा वृक्ष' को घी वाला वृक्ष या इंडियन बटर ट्री भी कहते हैं।

प्रश्न 6 - 'च्यूरा वृक्ष' कहाँ-कहाँ पाया जाता है ?

उत्तर- 'च्यूरा वृक्ष' कुमाऊँ और पिथौरागढ़ जनपद तथा भारत-नेपाल की सीमा पर पाया जाता है।

प्रश्न 7 - 'च्यूरा वृक्ष' किस नदी के किनारे पाया जाता है ?

उत्तर- 'च्यूरा वृक्ष' भारत-नेपाल की सीमा पर काली नदी के किनारे पाया जाता है।

प्रश्न 8 - 'च्यूरा वृक्ष' काली नदी के किनारे कितनी फीट की ऊँचाई पर पाया जाता है ?

उत्तर- 300 फीट।

प्रश्न 9- 'च्यूरा वृक्ष' किस माह से किस माह तक फलने-फूलने लगता है ?

उत्तर- 'च्यूरा वृक्ष' के फलने-फूलने का समय अक्टूबर से जनवरी तक होता है।

प्रश्न 10- 'च्यूरा वृक्ष' के फल किस स्वाद के होते है ?

उत्तर- 'च्यूरा वृक्ष' के फल काफी स्वादिष्ट, मीठे और सुगंधित होते हैं।

प्रश्न 11- 'च्यूरा वृक्ष' में कौन-सा रसायन होता है ?

उत्तर- 'च्यूरा वृक्ष' में पामेटिक अम्ल नामक रसायन होता है।

प्रश्न 12- क्या हमारे छत्तीसगढ़ में भी 'च्यूरा वृक्ष' पाया जाता है ?

उत्तर- नहीं।

प्रश्न 13- 'सु' उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाओ ।

उत्तर- सु + विचार = सुविचार

सु + गम = सुगम

प्रश्न 14- 'रहित' शब्द जोड़कर दो नए शब्द बनाओ ।

उत्तर- हानि + रहित = हानिरहित

धुआँ + रहित = धुआँरहित

प्रश्न 15 - अपने विद्यालय को हरा भरा बनाने के लिए आप क्या करेंगे ?

उत्तर- मैं अपने विद्यालय को हरा-भरा बनाने के लिए छायादार व फलदार पौधों का रोपण करूँगा।

प्रश्न 16- नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन बनाओ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. इलाका | 2. पूड़ी | 3. दवाई |
| 4. फल | 5. पुस्तक | 6. जानवर |

उत्तर -

| | | |
|---|---|---|
| 1. इलाकों | 2. पूड़ियाँ | 3. दवाईयाँ |
| 4. फलों | 5. पुस्तकें | 6. जानवरों |

प्रश्न 17- क्या आपके आस-पास भी च्यूरा वृक्ष की तरह कुछ कल्प वृक्ष हैं जो कई लाभ देते हैं उनके नाम लिखो।

उत्तर - हाँ हमारे आस-पास ऐसे कई वृक्ष या पौधे हैं जिनसे हमें कई लाभ होते हैं जैसे - आम, कटहल, बरगद, पीपल, नीम सरई, जामुन, अमरूद आदि।

प्रश्न 18- नीचे दिए गए इन दोनों प्रक्रिया में से किसी एक प्रक्रिया के बारे में बताओ।

(1) च्यूरा वृक्ष से घी बनाने की प्रक्रिया

(2) च्यूरा वृक्ष से गुड़ बनाने की प्रक्रिया

उत्तर - च्यूरा वृक्ष से गुड़ बनाने की प्रक्रिया - जब च्यूरा वृक्ष पर फूल आते हैं तब इन फूलों को पेड़ से सावधानी से तोड़कर उसके रस को बर्तन में इकट्ठा कर लिया जाता है फिर उसे छानकर उबाला जाता है। जब यह उबलकर गाढ़ा हो जाता है तब उसे ठंडा कर जमा लिया जाता है। इस प्रकार गुड़ बन जाता है।

प्रश्न 19- नीचे दिए पैराग्राफ में से गलत शब्दों को छाँटकर क्रम से उन गलत शब्दों को सही कर लिखो।

चिड़िया का यह गीत सुनकर राजा बहुत सरमाया, चिड़िया का मोती लोटा दिया। चीड़िया ने एक और नया गाना शुरू कर दिया, राजा तो ढर गया और मोती दे दिया। यह गीत सूनकर राजा गुससे से लाल हो गया। उसने सैनिकों से कहा - पकड लो इस बदमास चिड़िया को। उसके आदमी चिड़िया को पकड़ने के लिए दौड़े मगर चिड़िया फुर् से उड़ गइ। राजा हात मलते रह गया।

उत्तर -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. शरमाया | 2. लौटा | 3. चिड़िया | 4. डर |
| 5. गुस्से | 6. पकड़ | 7. बदमाश | 8. फुर्र |
| 9. गई | 10.हाथ | | |

## पाठ - 3

## सोन के फर

प्रश्न 1- गाँव म का नाँव के मनखे रहिस ?

उत्तर - गाँव म सुखराम नाँव के मनखे रहिस ।

प्रश्न 2- सुखराम के गोसइन के का नाँव रहिस ?

उत्तर -सुखराम के गोसइन के सुखिया नाँव रहिस ।

प्रश्न 3- सुखराम का बुता करय ?

उत्तर - सुखराम ह छेरी-पठरू चराय के बुता करय ।

प्रश्न 4- सुखराम छेरी पठरू चराय बर कहाँ गे रहिस ?

उत्तर- सुखराम छेरी पठरू चराय बर जंगल गे रहिस ।

प्रश्न 5- सुखराम काय मारे तरमरागे ?

उत्तर -सुखराम पियास के मारे तरमरागे ।

प्रश्न 6- सुखराम ल पानी कोन दिस ?

उत्तर - सुखराम ल पानी शंकर भगवान दिस ।

प्रश्न 7- शंकर भगवान काकर भेस बनाइस ?

उत्तर - शंकर भगवान साधु के भेस बनाइस ।

प्रश्न 8- शंकर भगवान, सुखराम ल खाए बर का दिस ?

उत्तर - शंकर भगवान सुखराम ल खाए बर फर दिस ।

प्रश्न 9- साधु के दे फर का होगे ?

उत्तर - साधु के दे फर सोन के होगे ।

प्रश्न 10- सुखराम कइसन मनखे रहिस ?

उत्तर - सुखराम बने मनखे रहिस ।

प्रश्न 11- छत्तीसगढ़ी सबद के हिंदी शबद लिखव ।

गोसइन, फर, बुता, संझा

उत्तर - गोसइन = पत्नी फर = फल

बुता = काम संझा = शाम

प्रश्न 12- खाल्हे लिखाय सबद के पुर्लिंग लिखव ।

छेरी, गाय, कुकरी, गोसइन

उत्तर - छेरी = बोकरा, गाय = बइला,

कुकरी = कुकरा, गोसइन = गोसइया

प्रश्न 13- खाल्हे लिखाय सबद मन के उलटा अरथ वाला सबद बनावव ।

एती, नवा, अंधियारी

उत्तर - एती- ओती, नवा- जुन्ना, अंधियारी- अंजोरी

प्रश्न 14- चार ठन पुनरूकत सबद लिखव ?

उत्तर- नवा- नवा, गटर-गटर

हरियर-हरियर, जगा-जगा

प्रश्न 15- हाना के अरथ लिखव अउ वाक्य म परयोग करव ।

1. लार टपकना 2. पछीना के कमई

उत्तर- 1. लार टपकना - ललचाना

प्रयोग- सुखराम के चमचमावत सोन के फर ल देख के चोर के लार टपकगे ।

2. पछीना के कमई - मेहनत के काम

प्रयोग- सुखराम अपन पछीना के कमई के खाय ।

## पाठ - 4
## मैं सड़क हूँ

प्रश्न 1 - सही उत्तर चुनकर लिखो। 1.

किसका रूप सुन्दर नहीं है?

(अ) साँप (ब) रस्सी (स) सड़क (द) पुल

उत्तर -(स) सड़क

2. सड़क पर हमेशा चलना चाहिए -

(अ) दायीं ओर (ब) बायीं ओर (स) बीच में (द) किनारे

उत्तर -(ब) बायीं ओर

3. सड़क दु:खी हो जाती है -

(अ) जब दोनों किनारे पर पेड़ लगाए जाते हैं।

(ब) जब बच्चे परेड के लिए लाइन बनाकर सड़क पर चलते हैं।

(स) जब सड़क पर काफी चहल-पहल होती है।

(द) दुर्घटना होने पर जब कोई किसी की मदद नहीं करता।

उत्तर -(द) दुर्घटना होने पर जब कोई किसी की मदद नहीं करता।

4. परेड कब होती है?

(अ) 26 जनवरी (ब) 14 नवम्बर

(स) 16 जून (द) 1 जनवरी

उत्तर -(अ) 26 जनवरी

प्रश्न 2 - नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखो।

(अ) पेड़ (ब) फूल (स) घर (द) नदी

उत्तर -(अ) पेड़ - वृक्ष, तरू (ब) फूल - पुष्प, सुमन

(स) घर - मकान, गृह (द) नदी -सरिता, तटिनी

प्रश्न 3 - विशेषण और विशेष्य पहचानकर लिखो।

(अ) लारौ घाट की सड़क घुमावदार है -

उत्तर -विशेषण - घुमावदार, विशेष्य - लारौ घाट

(ब) रात को आसमान में अनगिनत तारे दिखाई देते हैं

उत्तर -विशेषण - अनगिनत, विशेष्य - आसमान

प्रश्न 4 - सड़क किसे कहते हैं ?

उत्तर - भूमि पर बने ऐसे मार्ग या रास्ता जिसे मिट्टी, गिट्टी, पत्थर, डामर से समतल बनाकर लोग चलते हैं उसे सड़क कहते हैं । सड़क एक गाँव को दूसरे गाँव से जोड़ती है ।

प्रश्न 5 - सड़क किससे बनी होती है ?

उत्तर - सड़क मिट्टी, पत्थर और डामर से बनी होती है।

प्रश्न 6 - सड़क का रूप कैसा है ?

उत्तर- सड़क का रूप एकदम काली-कलूटी और लम्बी है।

प्रश्न 7 - सड़क को दु:ख कब होता है ?

उत्तर - सड़क को दु:ख अपने ऊपर चलने वालों की गलत आदतों के कारण होता हैं ।

प्रश्न 8 - लोग सड़क पर गंदगी किस तरह से फैलाते है ?

उत्तर - लोग सड़क पर कूरा करकट फेंककर, थूककर, केला का छिलका फेंककर गंदगी फैलाते हैं।

प्रश्न 9 - सड़क दुर्घटना से बचने के लिए क्या-क्या उपाय करना चाहिए ?

उत्तर - सड़क दुर्घटना से बचने के लिए निम्न उपाय करना चाहिए-

1. हमें हमेशा यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए ।
2. सड़क के बायीं ओर चलना चाहिए।
3. सड़क पार करते समय पहले बायीं फिर दायीं ओर देखकर चलना चाहिए।
4. सड़क पर केले के छिलके नहीं फेंकना चाहिए।
5. सड़क पर धीमी गति से चलना चाहिए।

प्रश्न 10- सड़क किनारे छायादार पेड़ क्यों लगाना चाहिए ?

उत्तर -

1. सड़क किनारे छायादार पेड़ लगाने से राहगीरों को छाया और आराम मिलेगा।
2. हवा भी शुद्ध रहेगा।
3. सड़क भी सुन्दर दिखाई देने लगेगा।
4. सभी को अच्छा लगेगा।

प्रश्न 11- खाली स्थान भरो ।

(यातायात, बायीं ओर, कूड़ा-करकट, अजगर)

1. हमें सड़क पर ............................चलना चाहिए।

2. सड़क...........................के समान होती है।

3. सड़क पर ......................नहीं फेंकना चाहिए।

4. हमें ..........................के नियमों का पालन करना चाहिए।

उत्तर - 1. बायीं ओर 2. अजगर 3. कूड़ा-करकट 4. यातायात

प्रश्न 12- सही या गलत लिखो ?

1. हमें सड़क के दायीं ओर चलना चाहिए।

2. सड़क पर केले के छिलके फेंकना चाहिए।

3. सड़क गाँव से शहर को जोड़ती है।

4. संकेतों को ध्यान में रखकर चलना चाहिए।

उत्तर - 1. गलत 2. गलत 3. सही 4. सही

प्रश्न 13- निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो ।

समुद्र, पानी, पेड़, कपड़ा

उत्तर -समुद्र - सागर, सिन्धु

पानी - जल, नीर

पेड़ - वृक्ष, तरू

कपड़ा - वस्त्र, वसन

प्रश्न 14- दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखो ।

गढ़्ढा, अछ्छा, पथ्थर, युध्ध

उत्तर- गढ़्ढा - गड्ढा

अछ्छा - अच्छा

पथ्थर - पत्थर

युध्ध - युद्ध

प्रश्न 15- समानार्थी शब्द लिखो ।

मौत, दुर्घटना, मंजिल, जमाना

उत्तर- मौत - मृत्यु

दुर्घटना - बुरी घटना

मंजिल - लक्ष्य

जमाना - युग

प्रश्न 16 - सड़क को खुश करने के लिए आप क्या-क्या करना चाहोगे।

उत्तर - सड़क को खुश करने के लिए मैं यह निम्नलिखित काम करूँगा -

1. सड़क पर कचरा नहीं फेकूंगा।

2. सड़क पर नहीं थूकूंगा ।

3. हमेशा बायीं ओर चलूँगा ।

4. तेज गाड़ी चलाने पर पापा और भैया को मना करूँगा।

5. सड़क किनारे पेड़ लगाऊँगा।

प्रश्न 17 - सड़क ने आपके लिए दो लाइन गाने के रूप में जो संदेश दिया है उसे लिखें।

उत्तर - रूक जाना नहीं तू कहीं हार के,

काँटों पे चल के मिलेंगे साये बहार के।

प्रश्न 18 - सड़क और पगडंडी में क्या अंतर है? लिखो।

उत्तर - सड़क और पगडंडी में अंतर -

| सड़क | पगडंडी |
|---|---|
| 1. सड़क चौड़ी होती है। | 1.पगडंडी कम चौड़ी और पतली होती है। |
| 2. सड़क पक्की होती है। | 2. पगडंडी कच्ची होती है। |
| 3. सड़क गाँव से शहर जोड़ती है। | 3.पगडंडी गाँवों और बस्तियों को जोड़ती है। |
| 4. सड़क पर बड़ी बसें और ट्रकें चलती हैं। | 4. पगडंडी पर छोटी गाड़ियाँ चलती हैं। |
| 5. बरसात के मौसम में सड़क पर कीचड़ नहीं होता है। | 5.पगडंडी पर बरसात में कीचड़ हो जाता है। |
| 6. सड़क पर दुर्घटना ज्यादा होती है। | 6.पगडंडी पर दुर्घटना बहुत कम होती है। |

प्रश्न 19 - सड़क पर चलते समय क्या-क्या सावधानी रखनी चाहिए? लिखो।

उत्तर - सड़क पर चलते समय हमें निम्नलिखित सावधानी रखनी चाहिए -

1. सड़क पर हमेशा बायीं ओर चलना चाहिए।
2. सड़क पर खेलना नहीं चाहिए।
3. हमेशा पहले बायीं फिर दायीं फिर बायीं ओर देखने के बाद ही सड़क पार करनी चाहिए।
4. यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए।
5. तेज गति से गाड़ी नहीं चलाना चाहिए।
6. लाल बत्ती जलने पर रूकना चाहिए और हरी बत्ती जलने पर चलना चाहिए।
7. दो पहिया वाहन में हमेशा हेलमेट लगाकर ही चलाना चाहिए।
8. चार पहिया गाड़ी चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनना चाहिए।

## पाठ - 5

## रोबोट

प्रश्न 1 - सही उत्तर चुनकर लिखो। 1.

जन्मदिन किसका था?

(अ) राहुल का (ब) दादाजी

(स) राहुल की माँ का (द) मुकुल का

उत्तर -(अ) राहुल का

2. 'पिताजी ने अनूठा उपहार दिया।' इस वाक्य में विशेषण है -

(अ) पिताजी (ब) उपहार

(स) अनूठा (द) दिया

उत्तर -(स) अनूठा

3. अंतरिक्ष शब्द का अर्थ है -

(अ) बादल (ब) आकाश

(स) अद्भुत (द) विज्ञान

उत्तर -(ब) आकाश

4. 'चल' और 'देना' का संयुक्त क्रिया रूप है -

(अ) चला गया (ब) चल गया

(स) चला चुका (द) चल दिया

उत्तर -(द) चल दिया

प्रश्न 2 - आप अपने दैनिक जीवन में किन-किन मशीनों का उपयोग करते हैं लिखिए।

उत्तर - दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली चीजें हैं - टी.वी., रेडियो, टार्च, पंखा, घड़ी, मोबाईल, साइकिल, मोटर साइकिल, बोरिंग, नल, चार्जर, नेल कटर, वाशिंग मशीन ।

प्रश्न 3 - जन्मदिन कब और क्यों मनाया जाता है? आप सभी अपना जन्मदिन बताएँ।

उत्तर - जिस दिन हम पैदा होते हैं उस दिन को जन्म दिन कहते हैं । हर वर्ष उसी महीने और उसी दिन को जन्मदिन के रूप में मनाते हैं। मेरा जन्मदिन 01 जनवरी 2010 है।

प्रश्न 4- रोबोट क्या है ?

उत्तर - रोबोट अपने आप चलने वाली मशीन है, जो आदमी की तरह कार्य करता है।

प्रश्न 5- आज किसका जन्मदिन है ?

उत्तर - आज राहुल का जन्मदिन है।

प्रश्न 6- राहुल के जन्मदिन पर उनके पिताजी ने क्या उपहार दिए ?

उत्तर - राहुल के जन्मदिन पर उनके पिताजी ने उन्हें रोबोट दिया।

प्रश्न 7- रोबोट ने क्या-क्या करके दिखाया ?

उत्तर - रोबोट ने व्यायाम एवं मार्चपास्ट करके दिखाया।

प्रश्न 8 - रोबोट कौन-कौन से कार्य कर सकता है ?

उत्तर - रोबोट जटिल से जटिल कार्य कर सकता है। जैसे- कारखानों में, घर में, दफ्तरों में, विमानों में हर जगह कार्य कर सकता है।

प्रश्न 9- रोबोट व आदमी के कार्यों में क्या अंतर है ?

उत्तर - रोबोट व आदमी में निम्नलिखित अंतर है -

| रोबोट | आदमी |
|---|---|
| 1. भारी से भारी वस्तुओं को उठा सकता है। | 1. भारी से भारी वस्तुओं को नहीं उठा सकता । |
| 2. अधिक गर्म वस्तुओं को उठाकर रख सकता है। | 2. अधिक गर्म वस्तुओं को उठाकर नहीं रख सकता । |
| 3. रोबोट ज्यादा कार्य कर सकता है। | 3. आदमी ज्यादा कार्य नहीं कर सकता । |
| 4. रोबोट थकता नहीं है । | 4. आदमी थक जाता है । |
| 5. रोबोट को कोई खतरा नहीं रहता । | 5. आदमी को जान का खतरा रहता है। |

प्रश्न 10 - तुम अपना जन्मदिन कैसे मनाते हो ? लिखो ।

उत्तर - मैं अपने जन्मदिन पर अपने माता-पिता व बड़ों का आशीर्वाद लेता हूँ। गुब्बारा फुलाकर, मिठाई बाँट कर अपना जन्मदिन मनाता हूँ।

प्रश्न 11- एकवचन से बहुवचन लिखो ।

मित्र, अतिथि

उत्तर - मित्र - मित्रों

अतिथि - अतिथियों

प्रश्न 12- बहुवचन को एकवचन में बदलो ।

दफ्तरों, चिड़ियाँ, खिलौने

उत्तर -दफ्तरों - दफ्तर

चिड़ियाँ - चिड़िया

खिलौने - खिलौना

प्रश्न 13 - विशेषण शब्दों को चुनकर लिखो ।

1. राम सुन्दर लड़का है ।

2. यह एक बड़ा खिलौना है ।

उत्तर - 1. सुन्दर 2. बड़ा

प्रश्न 14 - प्रश्न वाचक वाक्य बनाओ ।

(क) तुम्हारा नाम राम है।

(ख) वह रायपुर में रहता है।

उत्तर - (क) क्या तुम्हारा नाम राम है ?

(ख) क्या वह रायपुर में रहता है ?

प्रश्न 15 - आदेशात्मक वाक्य बनाओ ।

(क) यह पाठ पढ़िए ।

(ख) तुम खाना खाना ।

उत्तर -(क) यह पाठ पढ़ो ।

(ख) तुम खाना खाओ ।

प्रश्न 16 - विस्मय सूचक चिह्न लगाओ ।

(क) वाह मजा आ गया।

(ख) ओह यह कैसे हो गया।

उत्तर -(क) वाह ! मजा आ गया ।

(ख) ओह ! यह कैसे हो गया ।

प्रश्न 17- रोबोट का चित्र बनाओ ।

उत्तर - चित्र रोबोट -



प्रश्न 18 - निम्नलिखित वाक्यों को उचित प्रश्न वाचक शब्दों का प्रयोग कर प्रश्न वाचक वाक्यों में बदलो।

1. खिलौना रोबोट कठिन काम नहीं करता। (क्यों)

उत्तर -खिलौना रोबोट कठिन काम क्यों नहीं करता ?

2. पिता जी ने अनूठा उपहार दिया। (कब)

उत्तर -पिता जी ने कब अनूठा उपहार दिया?

3. डिब्बे में लाल फीता बंधा था। (क्या)

उत्तर -क्या डिब्बे में लाल फीता बंधा था?

प्रश्न 19 - (अ) निर्देशानुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए।

1. खाना खाना (आदेशात्मक वाक्य)

उत्तर -खाना खाओ।

2. पढ़ाई करना (प्रश्नवाचक वाक्य)

उत्तर -क्या तुमने पढ़ाई किया?

3. मैं खेल खेलता हूँ । (नकारात्मक वाक्य)

उत्तर - मैं खेल नहीं खेलता हूँ ।

(ब) निम्नलिखित वाक्यों में कारक चिह्नों को पहचानकर लिखिए।

1. राजू ने मुझे आइसक्रीम दी।

उत्तर -कारक चिन्ह - ने।

2. टेबल पर पेन रखी है।

उत्तर - कारक चिन्ह - पर।

3. हे भगवान! वह फेल हो गया।

उत्तर - कारक चिन्ह - हे।

प्रश्न 20 - अगर आप एक रोबोट डिजाइन करते हैं तो उसमें किस तरह के काम करने की क्षमता डालते ? लिखिए।

उत्तर - अगर मैं एक रोबोट बनाता तो उसमें ये क्षमता होती -

1. वह नाच सकता।

2. वह चीजों को उठा सकता।

3. वह चल सकता।

4. वह गाने गा सकता।

5. मेरी बातें मानता।

6 वह फूटबाल खेल सकता।

7. वह मेरी बातें समझकर जवाब देता।

8. वह साइकिल चला सकता।

9. उसे लिखना-पढ़ना आता।

10. वह मेरी पढ़ाई में मेरी मदद करता।

प्रश्न 21 - इंसान और रोबोट के कार्यों में क्या अंतर है?

उत्तर - इंसान और रोबोट में अंतर इस प्रकार है -

| इन्सान | रोबोट |
|---|---|
| 1. इंसान रोबोट को बना सकता है। | 1. रोबोट इंसान को नहीं बना सकता। |
| 2. इंसान के पास सोचने समझने की क्षमता होती है। | 2. रोबोट इंसान के निर्देश के अनुसार काम करता है। |
| 3. इंसान थक सकता है। | 3. रोबोट को थकावट नहीं होती। |
| 4. इंसान गलतियाँ करता है। | 4. रोबोट से गलतियाँ नहीं होती। |
| 5. इंसान में भावनाएँ होती हैं। | 5. रोबोट में भावनाएँ नहीं होती। |
| 6. मानव को जीवित रहने के लिए खाना, पीना और हवा की आवश्यकता होती है | 6. रोबोट को इन सब की कोई आवश्यकता नहीं होता। |

## पाठ - 6

## चित्रकार मोर

प्रश्न 1 - सही उत्तर चुनकर लिखो ।

1. ब्रह्मा जी ने किसे रंगने का कार्य सौंपा -

(अ) मोर को (ब) बतख को

(स) तोते को (द) नीलकंठ को

उत्तर -(अ) मोर को

2. 'खुशी से झूम उठना' का अर्थ है -

(अ) नाचते-नाचते झूमना (ब) हँसते-हँसते झूमना

(स) अत्यधिक खुश होना (द) खुश होकर नाचना

उत्तर -(स) अत्यधिक खुश होना

3. किसने अपने गले में नीला रंग लगवाया -

(अ) तोते ने (ब) मोर ने

(स) बत्तख ने (द) नीलकंठ ने

उत्तर -(द) नीलकंठ ने

4. किसने कहा- 'अरे ओ चितरे उदास क्यों हो ।' -

(अ) ब्रह्मा ने (ब) मोर ने

(स) उल्लू ने (द) तोते ने

उत्तर -(स) उल्लू ने

प्रश्न 2 - निम्नलिखित शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

1. कौन-कौन 2. काले-काले

उत्तर - 1. कौन-कौन

वाक्य में प्रयोग - यह भाग कौन-कौन खाना चाहता है।

2. काले-काले

वाक्य में प्रयोग - ये काले-काले अंगूर बहुत मीठे हैं।

प्रश्न 3 - चित्रकार कौन था ?

उत्तर - चित्रकार मोर था।

प्रश्न 4 - जंगल में कौन-कौन से पक्षी रहते थे ?

उत्तर - जंगल में मोर, तोता, नीलकंठ, बत्तख, उल्लू आदि पक्षी रहते थे।

प्रश्न 5 - सारे पक्षी रंग माँगने किसके पास गए ?

उत्तर- सारे पक्षी रंग माँगने भगवान ब्रह्मा जी के पास गए ।

प्रश्न 6 - पहले सभी पक्षी किस रंग के थे ?

उत्तर- पहले सभी पक्षी सफेद रंग के थे।

प्रश्न 7 - सभी पक्षियों को रंगने का काम किसने किया ?

उत्तर - सभी पक्षियों को रंगने का काम मोर ने किया।

प्रश्न 8 - पक्षियों को रंगने के लिए मोर को ब्रह्मा जी ने क्यों उपयुक्त समझा?

उत्तर- मोर की लम्बी पूँछ और पंख के कारण पक्षियों को रंगने के लिए उपयुक्त समझा।

प्रश्न 9 - तोते ने कौन-सा रंग रंगवा लिया ?

उत्तर - तोते ने चोंच में लाल रंग, फिर पूरे शरीर में हरा रंग रंगवा लिया।

प्रश्न 10 - नीलकंठ को कौन-सा रंग भाया ?

उत्तर 11 - नीलकंठ अपने गले में नीले रंग रंगवाया और यह रंग उसे भाया ।

प्रश्न 12 - सफेद रंग किस पक्षी को बहुत पसंद था ?

उत्तर- सफेद रंग बत्तख को बहुत पसंद था।

प्रश्न 13 - उल्लू को किस तरह का पक्षी बताया गया है ?

उत्तर - उल्लू को शान्त, गंभीर और चतुर पक्षी बताया गया है ।

प्रश्न 14 - मोर रंग बिरंगा कैसे हो गया ?

उत्तर - मोर दूसरे पक्षी को रंगने से पहले रंगों की परख अपने शरीर पर लगाकर करता था इस प्रकार मोर रंग बिरंगा हो गया।

प्रश्न 15 - निम्लिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो ।

(अ) मन ललचाना

(ब) खुशी से झूम उठना

उत्तर -(अ) मन ललचाना- लालच आना

प्रयोग- जंगल के फलों को देखकर पक्षियों का मन ललचाता था।

(ब) खुशी से झूम उठना- अत्यधिक खुश होना

प्रयोग- अपने शरीर को रंग-बिरंगा देखकर मोर खुशी से झूम उठा।


प्रश्न 16 - दो बार प्रयुक्त होने वाले शब्दों को लिखो (कोई चार)

उत्तर- साथ-साथ, कौन-कौन

एक-एक, कब-कब

प्रश्न 17 - मोर का चित्र बनाकर रंग भरो ।

उत्तर -बच्चे चित्र बनाकर रंग भरेंगे ।



प्रश्न 18 - मोर की बात सुनकर उल्लू क्यों हँसा?

उत्तर - मोर की बात सुनकर उल्लू इसलिए हँसा क्योंकि मोर यह सोचकर दु:खी हो रहा था कि उसके लिए रंग समाप्त हो गया जबकि वह पूरा रंग से रंगकर रंग-बिरंगा हो गया था।

प्रश्न 19 - तुम्हें किसी पक्षी को रंग-रोगन के लिए चुनना होता तो किसे चुनते और क्यों?

उत्तर - अगर किसी पक्षी को रंग-रोगन के लिए चुनना होता तो मैं उल्लू को चुनता क्योंकि वह शांत, गंभीर और चतुर पक्षी है।

(बच्चे स्वयं इस प्रश्न का उत्तर तर्क सहित दे सकते हैं)

प्रश्न 20 - (अ) 'पढ़' शब्द का क्रिया और संज्ञा के रूप में वाक्य प्रयोग कर लिखिए।

उत्तर - 'पढ़' क्रिया के रूप में - रमेश पढ़ रहा है।

'पढ़' संज्ञा के रूप में - पढ़ना एक अच्छी आदत है।

(ब) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए।

1. मोर 2. शेरनी

उत्तर - 1. मोर - मोरनी 2. शेरनी - शेर

प्रश्न 21 - (अ) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।

1. पक्षी 2. रंग

उत्तर -1. पक्षी - पक्षियों 2. रंग - रंगों

(ब) सर्वनाम लगाकर वाक्य बदल कर लिखिए।

1. मोर अपने भाग्य पर बहुत खुश हुआ, मोर ने सारे जंगल में ढिंढोरा पिटवा दिया।

उत्तर - मोर अपने भाग्य पर बहुत खुश हुआ, उसने सारे जंगल में ढिंढोरा पिटवा दिया।

प्रश्न 22 - अपने किसी पसंदीदा पक्षी के बारे में दस वाक्य लिखिए।

उत्तर -कबूतर -

1) कबूतर पूरे संसार में पाया जाने वाला पक्षी है।
2) यह उड़ने वाला पक्षी सफेद, काला रंग का होता है।
3) यह पेड़ों, घरों सभी जगहों पर घोंसला बनाकर रहता है।
4) पुराने समय में इसका प्रयोग चिट्ठियाँ भेजने में किया जाता था।
5) कबूतर अनाज, फल, दाने, बीज खाता है।
6) इसे पालतू बनाकर भी रखा जाता है।
7) कबूतर की याददाश्त बहुत तेज होती है।
8) कबूतर झुण्ड में रहते हैं।
9) इसका जीवनकाल 6 से 10 वर्ष का होता है।

10) यह शांत स्वभाव का पक्षी होता है इसलिए इसे शांति का प्रतीक कहा गया है ।

## पाठ - 7

## क्यूँ - क्यूँ छोरी

प्रश्न 1 - सही उत्तर चुनकर लिखो ।

1. 'शबर' क्या है -

(अ) शहर का नाम (ब) लड़की का नाम

(स) एक फल का नाम (द) एक जनजाति

उत्तर -(द) एक जनजाति

2. 'मैं पढ़ना सीखूँगी और सारे सवालों का जवाब खुद ढूँढकर निकालूँगी', इससे मोइना के कौन-सा चरित्र का पता चलता है?

(अ) निडर (ब) आत्मविश्वास

(स) पढ़ाकू (द) घमंडी

उत्तर -(ब) आत्मविश्वास

3. 'तो नाम क्यूँ न पकड़ूँ' इस वाक्य के अंत में कौन-सा विराम चिह्न है?

(अ) । (ब) ,

(स) ? (द) !

उत्तर -(स) ?

4. किसने मोइना का नाम क्यूँ-क्यूँ छोरी रख दिया?

(अ) पोस्ट मास्टर ने (ब) मोइना के पापा ने

(स) मालती ने (द) मोइना की माँ ने

उत्तर -(अ) पोस्ट मास्टर ने

प्रश्न 2 - मोइना इतने सवाल क्यों पूछती थी?

उत्तर - मोइना जिज्ञासु स्वभाव की थी और वह सभी चीजें जानना चाहती थी इसलिए इतने सवाल पूछती थी।

प्रश्न 3 - मोइना के सारे क्यूँ-क्यूँ का जवाब मालती को कहाँ से मिलते थे?

उत्तर - मोइना के सारे क्यूँ-क्यूँ का जवाब मालती को किताबों से मिलते थे।

प्रश्न 4 - छोटी-सी लड़की का क्या नाम था ?

उत्तर - छोटी-सी लड़की का नाम मोइना था ।

प्रश्न 5 - मोइना करीब कितने साल की थी ?

उत्तर - मोइना करीब दस साल की थी।

प्रश्न 6 - मोइना किसका पीछा कर रही थी ?

उत्तर - मोइना एक बड़े - से साँप का पीछा कर रही थी।

प्रश्न 7- मोइना की माँ का क्या नाम था ?

उत्तर - मोइना की माँ का नाम खीरी था ।

प्रश्न 8 - मोइना कैसी लड़की थी ?

उत्तर - मोइना एक जिद्दी लड़की थी।

प्रश्न 9 - मोइना किस जाति की लड़की थी ?

उत्तर - मोइना शबर जाति की आदिवासी लड़की थी।

प्रश्न 10- मोइना क्या काम करती थी ?

उत्तर - मोइना गाँव के संपन्न लोगों की बकरियाँ चराती थी।

प्रश्न 11- समिति का क्या नाम था ?

उत्तर - समिति का नाम 'शबर सेवा समिति' था।

प्रश्न 12- मोइना बड़ी होकर क्या काम करने लगी ?

उत्तर - मोइना बड़ी होकर समिति के स्कूल में पढ़ाने का कार्य करने लगी ।

प्रश्न 13 - गाँव के पोस्ट मास्टर ने मोइना का नाम क्या रख दिया ?

उत्तर - गाँव के पोस्ट मास्टर ने मोइना का नाम 'क्यूँ-क्यूँ छोरी' रख दिया।

प्रश्न 14 - सही के सामने (√) और गलत के सामने (x) का चिह्न लगाओ ।

(क) मोइना आदिवासी लड़की थी ।

(ख) 'क्यूँ-क्यूँ छोरी' नाम शिक्षक ने रखा था ।

(ग) समिति का नाम शहर सेवा समिति था ।

उत्तर - (क) √ (ख) x (ग) x

प्रश्न 15 - नीचे लिखे शब्दों के साथ दिए गए प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाओ।

(क) अकड़ + बाज (ख) गाड़ी + वान

(ग) जान + दार (घ) कलम + दान

उत्तर- (क) अकड़बाज (ख) गाड़ीवान

(स) जानदार (घ) कलमदान

प्रश्न 16 - निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा शब्द ढूँढ कर लिखो ।

(क) मोइना आदिवासी लड़की थी।

(ख) खीरी सब्जी बनाती थी।

उत्तर - (क) मोइना (ख) खीरी

प्रश्न 17 - नीचे लिखे शब्दों का तत्सम रूप लिखो ।

साँप, चमड़ा, सिर, सूरज, पत्ता, भाई

उत्तर - साँप- सर्प, चमड़ा- चर्म, सिर- शीर्ष,

सूरज- सूर्य, पत्ता- पत्र, भाई -भ्राता

प्रश्न 18 - निम्नलिखित वाक्यों को पाठ के घटनाक्रम के अनुसार लिखो?

1. वह साँप का पीछा कर रही थी।

2. गाँव में जब स्कूल खुला तो उसमें दाखिल होने वाली पहली लड़की थी।

3. पोस्ट मास्टर ने उसका नाम 'क्यूँ-क्यूँ छोरी' रख दिया।

4. एक जोड़ी कपड़े और नेवले के साथ आ पहुँची।

उत्तर - 1. वह साँप का पीछा कर रही थी।

2. पोस्ट मास्टर ने उसका नाम 'क्यूँ-क्यूँ छोरी' रख दिया।

3. एक जोड़ी कपड़े और नेवले के साथ आ पहुँची।

4. गाँव में जब स्कूल खुला तो उसमें दाखिल होने वाली पहली लड़की थी।

प्रश्न 19 - क्या आपके मन में भी मोइना की तरह सवाल उठते हैं, तो उन्हें लिखिए।

उत्तर -बच्चे स्वयं करेंगे । उत्तर इस तरह हो सकते हैं ।

हाँ, मेरे मन में भी मोइना की तरह सवाल उठते हैं -

1. पत्ते हरे क्यों होते हैं?
2. बारिश कहाँ से आती है?
3. सूरज इतना गर्म क्यों है?
4. जमीन के नीचे पानी कहाँ से आया?
5. चाँद इतना ठंडा क्यों हैं?

प्रश्न 20 - शबर जनजाति के लोगों के जनजीवन के बारे में लिखिए।

उत्तर - शबर जनजाति छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली एक जनजाति है। शबर जनजाति के लोग गरीब और भूमिहीन होते हैं। जीने के लिए जंगल के संसाधनों पर निर्भर रहते हैं। ये पारंपरिक मान्यताओं और श्रध्दा पर विश्वास करते हैं। शबर लोग सीधे-साधे होते हैं। ये ताड़ के पत्तों से चटाई, बांस से टोकरी बनाते हैं। जीविका चलाने के लिए मजदूरी का काम भी करते हैं। ये जनजाति महुआ और चावल से देशी शराब बनाते हैं तथा पैसा कमाने के उद्देश्य से बेचते भी हैं। शिकार करना भी इनका पेशा है।

# पाठ - 8

## स्वामी आत्मानंद

प्रश्न 1 - स्वामी आत्मानंद कोन रहिस ?

उत्तर - स्वामी आत्मानंद हमर छत्तीसगढ़ राज्य के महान संत रहिस।

प्रश्न 2 - स्वामी आत्मानंद के महतारी अउ ददा के का नाँव रहिस ?

उत्तर - स्वामी आत्मानंद के महतारी के नाँव भाग्यवती अउ ददा के नाँव धनीराम रहिस।

प्रश्न 3 - स्वामी आत्मानंद के जनम कब अउ कहाँ होइस ?

उत्तर - स्वामी आत्मानंद के जनम 06 अक्टूबर 1929 म रायपुर जिला के बरबंदा गाँव म होइस।

प्रश्न 4 - स्वामी आत्मानंद के नानपन के का नाँव रहिस ?

उत्तर -स्वामी आत्मानंद के नानपन के नाँव तुलेन्द्र रहिस।

प्रश्न - काखर संदेस अउ सिद्धांत ह तुलेन्द्र के हिरदे म बसगे ?

उत्तर - स्वामी विवेकानंद के संदेस अउ सिद्धांत तुलेन्द्र के हिरदे म बसगे।

प्रश्न 6 - तुलेन्द्र रायपुर ले कहाँ गइन ?

उत्तर - तुलेन्द्र रायपुर ले विवेकानंद आश्रम नागपुर गइन ।

प्रश्न 7 - स्वामी विवेकानंद ह नानपन के दू बछर रायपुर के कोन पारा म रहिस ?

उत्तर- रायपुर के बुढ़ापारा म रहिस।

प्रश्न 8 - तुलेन्द्र ह स्वामी आत्मानंद कब ले कहाइस ?

उत्तर- तुलेन्द्र ह 1960 ले स्वामी आत्मानंद कहाइस।

प्रश्न 9 - स्वामी आत्मानंद के बड़े भाई के का नाँव रहिस ?

उत्तर - स्वामी आत्मानंद के बड़े भाई के नाँव डॉ. नरेन्द्र देव रहिस।

प्रश्न 10- डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा ह कोन से सुन्दर गीत लिखे हवय ?

उत्तर- डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा ह एक बड़ सुघ्घर गीत लिखे हवय जेनहर छत्तीसगढ़ राज के राजगीत बनगे हवे -

अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार

इन्द्रावती ह पखारे तोर पईंया

'जय हो जय हो छत्तीसगढ़ मइया'

प्रश्न 11- सही उत्तर छाँट के लिखव ?

(क) विवेकानंद आश्रम रायपुर के स्थापना कोन करिस ?

(1) स्वामी विवेकानंद (2) स्वामी रामकृष्ण

(3) स्वामी आत्मानंद (4) स्वामी रामदास

उत्तर - (3) स्वामी आत्मानंद

(ख) स्वामी आत्मानंद ह आदिवासी लइका मन के पढ़े बर आश्रम कहाँ बनाइस ?

(1) रायपुर (2) बस्तर

(3) बिलासपुर (4) नारायणपुर

उत्तर - (4) नारायणपुर

प्रश्न 12 - खाल्हे लिखाय शब्द के बहुवचन लिखव ।

दीदी, लइका, सियान, बहिनी

उत्तर -दीदी - दीदीमन, लइका - लइकामन

सियान - सियानमन, बहिनी - बहिनीमन

प्रश्न 13 - खाल्हे लिखाय शब्द के पुल्लिंग शब्द लिखव ।

दाई, काकी, बहिनी, टूरी

उत्तर - दाई - ददा, काकी - कका

बहिनी - भाई, टूरी - टूरा

प्रश्न 14 खाल्हे लिखाय छत्तीसगढ़ी शब्द के हिंदी शब्द लिखव ।

जुन्ना, तिरिथ, सुघ्घर, महतारी

उत्तर - जुन्ना - पुराना, तिरिथ- तीर्थ

सुघ्घर - सुन्दर, महतारी- माँ

## पाठ - 9

## श्रम के आरती

प्रश्न 1- खाल्हे लिखाय कविता के हिंदी म अरथ लिखव ।

काबर डर्राबोन कोनो ल, जब असल पसीना गारत हन ।

नवा सुरूज परघाय बर, श्रम के आरती उतारत हन ।

उत्तर - प्रस्तुत कविता पाठ-9 'श्रम के आरती' नामक पाठ से लिया गया है जिसके कवि श्री भगवती लाल सेन जी हैं। प्रस्तुत कविता में मेहनत करने वाले के मेहनत का बखान किया गया है।

व्याख्या- कवि कहते हैं कि मेहनत करने वाले कहते हैं कि हमें किसी से डरना नहीं है क्योंकि हम खुद मेहनत करके कमाते - खाते हैं। मेहनत ही हमारा कर्म व पूजा है। हम अपने सुखद भविष्य के लिए कठोर परिश्रम कर पसीना बहा रहे हैं।

प्रश्न 2- 'श्रम के आरती' पाठ के कवि के नाँव लिखव ?

उत्तर - 'श्रम के आरती' पाठ के कवि के नाँव भगवती लाल सेन आय।

प्रश्न 3 - हमला कोनो ले काबर नइ डरना चाही ?

उत्तर - हमन खुद असल पसीना गारत हन त हमला कोनो ले डरना नइ चाही।

प्रश्न 4 - छत्तीसगढ़िया मन काकर आरती उतारत हवय ?

उत्तर- छत्तीसगढ़िया मन श्रम के आरती उतारत हवय।

प्रश्न 5 - 'श्रम के आरती उतारत हन' के का अर्थ हे ?

उत्तर- ' 'श्रम के आरती उतारत हन' के अर्थ ऐ हरे के हमन कठोर परिश्रम कर, पसीना बोहावत हन अउ अपन सुखद भविष्य के सुवागत करत हन ।

प्रश्न 6 - पोंगा कहाँ बाजत हावय ?

उत्तर- पोंगा मिल मा बाजत हावय ।

प्रश्न 7 - मिल के पोंगा हाँक पार के काय कहत हे ?

उत्तर - मिल के पोंगा हाँक पार के कहत हवय के जाँगर वाला जागत हावय।

प्रश्न 8 - सोना कस तन काकर धुन मा माटी कस करिया जाथे ?

उत्तर - सोना कस तन बुता के धुन मा माटी कस करिया जाथे।

प्रश्न 9 - भुइयाँ कइसे हरिया जाथे ?

उत्तर - नांगर जब गड़थे, भुइयाँ के कोरा ह हरिया जाथे।

प्रश्न 10- कवि के अनुसार काकर नाँव अमर हो जाथे ?

उत्तर - कवि के अनुसार करनी के नाँव अमर हो जाथे।

प्रश्न 11- खाल्हे लिखाय पंक्ति मन ल पूरा करव ।

दुनिया के सुख ..................................

........................... आरती उतारत हन।

उत्तर- दुनिया के सुख बर दुख सहिके, पथरा ले तेल निकारत हन ।

हम नवा सुरूज परघाय बर, श्रम के आरती उतारत हन ।

प्रश्न 12- खाल्हे लिखाय सबद के समानार्थी सबद लिखव ।

काबर, पोंगा, चतवारना, जम्मो

उत्तर - काबर- क्यों, पोंगा- भोंपू, चतवारना- सफई करना, जम्मो- सब्बो

प्रश्न 13- कविता म आय उल्टा अरथ वाला सबद मन ल लिखव ।

उत्तर - सुख-दुख, आगू- पाछू

प्रश्न 14 - चार लकीर छत्तीसगढ़ी कविता लिखव ।

उत्तर - हे मैंया शारदे मया मोला दुलार दे
विनती हमर हे दाई
अरजी हमर हे दाई
भवसागर ले तार दे।

## पाठ - 10

## सुनीता की पहिया कुर्सी

प्रश्न 1 - निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

अ. सुनीता को सड़क की जिंदगी देखने में मजा आता है।

ब. दुकानदार का व्यवहार सुनीता को अच्छा लगा।

स. सुनीता दूसरे बच्चों से अलग है।

द. सुनीता की माँ ने सुनीता को अचार दिया।

उत्तर - 1. (अ)

प्रश्न 2 - निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो।

1. दुबारा 2. अजीब

उत्तर -1. दुबारा = दूसरी बार

वाक्य प्रयोग - मुझे यह गाना अच्छा लगा, क्या आप इसे दुबारा गा सकते हैं।

2. अजीब = अनोखा

वाक्य प्रयोग - यह पेड़ पर उल्टी लटकी अजीब सी चीज क्या है।

प्रश्न 3 - लोग सुनीता को गौर से क्यों देख रहे थे?

उत्तर - लोग सुनीता को गौर से इसलिए देख रहे थे क्योंकि वह एक कुर्सी पर बैठी थी और जिसमें पहिये लगे थे।

प्रश्न 4 - जो बच्चे सुन और बोल नहीं सकते आप उन्हें अपनी बात कैसे समझाओगे?

उत्तर - जो बच्चे सुन और बोल नहीं सकते हम उन्हें अपनी बात इशारों से समझाएँगे और अगर उसे पढ़ना लिखना आता है तो लिखकर भी समझा सकते हैं।

प्रश्न 5 - सुनीता कितने बजे सोकर उठी ?

उत्तर -सुनीता सुबह सात बजे सोकर उठी।

प्रश्न 6 - सुनीता कहाँ जाने की सोच रही थी ?

उत्तर - सुनीता बाजार जाने की सोच रही थी।

प्रश्न 7 - सुनीता चलने-फिरने के लिए किसकी मदद लेती थी ?

उत्तर - सुनीता चलने-फिरने के लिए अपनी पहिया कुर्सी की मदद लेती थी।

प्रश्न 8 - सुनीता की माँ ने बाजार से क्या लाने को कहा ?

उत्तर - सुनीता की माँ ने बाजार से एक किलो चीनी लाने को कहा।

प्रश्न 9 - बहुत सारे बच्चे, एक बच्चे को क्या कहकर चिढ़ा रहे थे ?

उत्तर- बहुत सारे बच्चे, एक बच्चे को छोटू-छोटू बुलाकर चिढ़ा रहे थे।

प्रश्न 10- छोटू लड़के का नाम क्या था ?

उत्तर - छोटू लड़के का नाम अमित था।

प्रश्न 11 - सड़क पार करते समय सुनीता को कौन नजर आया ?

उत्तर - सड़क पार करते समय सुनीता को फरीदा नजर आया।

प्रश्न 12 - सुनीता किस अंग से दिव्यांग थी ?

उत्तर - सुनीता पैरो से चल- फिर नहीं सकती थी।

प्रश्न 13 - नीचे लिखे शब्दों का समानार्थी शब्द लिखो ।

पहिया, मदद, तरीका, चीज

उत्तर -पहिया - चक्र

मदद - सहयोग

तरीका - उपाय

चीज - वस्तु

प्रश्न 14 - निम्नलिखित शब्दों का विलोम शब्द लिखो ।

पास, कठिन, सामने, भला

उत्तर- पास - दूर

कठिन - सरल

सामने - पीछे

भला - बुरा

प्रश्न 15 - 'ई' प्रत्यय लगाकर चार नये शब्द लिखो ।

उत्तर - कठिनाई, खिंचाई, सगाई, सिलाई

प्रश्न 16 - निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द पहचान कर नीचे लकीर खींचो।

1. सुनीता पढ़ रही है ।

2. अमित खेल रहा है ।

उत्तर -1. सुनीता पढ़ रही है ।

2. अमित खेल रहा है ।

प्रश्न 17 - निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम पहचान कर लिखो ।

1. वह बाजार जाती है ।

2. वे घर पहुँचे ।

उत्तर -1. वह 2. वे

प्रश्न 18 - पहिया कुर्सी का चित्र बनाकर रंग भरो।

उत्तर -बच्चे स्वयं चित्र बनाकर रंग भरेंगे ।

प्रश्न 19 - सोचकर बताइए कि सुनीता को घर के किस-किस कामों में परेशानी होती होगी?

उत्तर - सुनीता को घर के इन सभी कामों में परेशानी होती होगी -

1. स्कूल जाने में।
2. शौचालय जाने में।
3. कपड़े पहनने में।
4. सीढ़ियाँ चढ़ने में।
5. बैठने की जगह बदलने में।
6. अपने बिस्तर से पहिया कुर्सी पर चढ़ने में।
7. अपने जूते पहनने और उतारने में।
8. किसी चीज को जमीन से उठाने में।
9. ऊँचे स्थान से चीजों को उतारने में।
10. खेलने में।

प्रश्न 20 - सुनीता की तरह अगर कोई लड़की तुम्हारे स्कूल में आए तो तुम्हारे मन में कई सवाल व बातें आएगी, उन्हें लिखो।

उत्तर - सुनीता की तरह अगर कोई लड़की हमारे स्कूल में आएगी तो मेरे मन में आने वाली बातें -

1. इसके पैर ऐसे कैसे हो गए क्या कारण रहा होगा?
2. इस पहिया कुर्सी को चलाने में कितनी कठिनाई होती होगी।
3. वह अपने सारे काम कैसे करती होगी।
4. मैं इससे दोस्ती करूँगी।
5. मैं इसकी पहिया कुर्सी चलाने में और कहीं भी आने-जाने में मदद करूँगी।

प्रश्न 21 - सुनीता के बारे में अपने विचार लिखो।

उत्तर -1. सुनीता चल नहीं सकती वह पहिया कुर्सी के सहारे चलती है।
2. उसे अपना काम खुद से करना पसंद है।
3. वह घर के छोटे-मोटे काम भी करती है।
4. सुनीता को सड़क की जिन्दगी देखना पसंद है।
5. उसे खेलना भी पसंद है।
6. कोई उसकी उन कामों में मदद करें जो वह कर सकती है तो यह उसे पसंद नहीं।
7. वह खुद को अलग नहीं समझती।

# पाठ - 11

## महामानव

प्रश्न 1 - सही उत्तर छाँटकर लिखिए -

1. 'अपलक' का अर्थ है -

(अ) बिना पलकें झपकाए (ब) बिना रूके पलकें झपकाना

(स) बिना पलकें खोले (द) बड़ी-बड़ी आँखों से देखना

उत्तर -(अ) बिना पलकें झपकाए

2. बुढ़िया की सहायता करने वाला कौन था -

(अ) मोहसिन (ब) मोहम्मद

(स) मोहन (द) रास्ता चलने वाला

उत्तर -(ब) मोहम्मद

3. अरब के ..... में एक गरीब बुढ़िया घर में जलाने के लिए लकड़ियाँ चुन रही थी।

(अ) कजाकिस्तान (ब) अफगानिस्तान

(स) रेगिस्तान (द) नखलिस्तान

उत्तर -(द) नखलिस्तान

4. किसने किससे कहा - ''आजकल हमारे शहर में एक जादूगर आया हुआ है जो बड़ा खतरनाक है''।

(अ) मोहम्मद ने बुढ़िया से (ब) गाँव वालो ने मोहम्मद से

(स) गाँव वालों ने बुढ़िया से (द) बुढ़िया ने मोहम्मद से

उत्तर -(द) बुढ़िया ने मोहम्मद से

प्रश्न 2- 'नखलिस्तान' से आप क्या समझते हैं?

उत्तर - 'नखलिस्तान' का तात्पर्य मरूस्थल प्रदेश में स्थित ऐसी जगह जहाँ न हरियाली है और न ही पेड़-पौधे उगते हैं।

प्रश्न 3- राहगीर ने बुढ़िया की सहायता क्यों की?

उत्तर - राहगीर ने बुढ़िया की सहायता इसलिए की क्योंकि वह एक अच्छा आदमी था और उसे बुढ़िया पर दया आ गई।

प्रश्न 4- "बुढ़िया ने कहा लकड़ियाँ अधिक हो गई है इसलिए उठा नहीं पा रही हूँ।" इस वाक्य में बुढ़िया की जगह 'बूढ़ा' शब्द रखकर वाक्य पूरा करो?

उत्तर - बूढ़ा ने कहा लकड़ियाँ अधिक हो गई है इसलिए उठा नहीं पा रहा हूँ।

प्रश्न 5- कहानी में किस देश का वर्णन मिलता है ?

उत्तर - कहानी में अरब देश का वर्णन मिलता है।

प्रश्न 6- बुढ़िया की सहायता किसने की ?

उत्तर - बुढ़िया की सहायता हजरत मोहम्मद ने की ।

प्रश्न 7 - कंधा पर लकड़ी का गट्ठा कौन उठाकर चल रहा था ?

उत्तर - कंधा पर लकड़ी का गट्ठा राहगीर उठाकर चल रहा था।

प्रश्न 8 - बुढ़िया सिर पर गट्ठा क्यों नहीं उठा पा रही थी ?

उत्तर - बुढ़िया बहुत ही कमजोर होने के कारण सिर पर गट्ठा नहीं उठा पा रही थी।

प्रश्न 9- लेखक ने राहगीर को किस गुणों के कारण महामानव कहा है ?

उत्तर - राहगीर बहुत दयालु और परोपकारी था, इस कारण लेखक ने उन्हें महामानव कहा है।

प्रश्न 10- किसने किससे कहा ?

(क) अम्मा! तू तो बहुत कमजोर है, इतना बड़ा गट्ठा कैसे उठा पाएगी।

(ख) बेटा जाते-जाते अपना नाम बताते जाओ।

उत्तर - (क) राहगीर ने बुढ़िया से कहा।

(ख) बुढ़िया ने राहगीर से कहा।

प्रश्न 11- इन शब्दों में से संज्ञा और विशेषण अलग कर लिखो ।

उपयोगी, परिश्रमी, किसानी, बहादुरी

उत्तर-

| संज्ञा | विशेषण |
|---|---|
| उपयोग | उपयोगी |
| परिश्रम | परिश्रमी |

किसान किसानी

बहादुर बहादुरी

प्रश्न 12- पाठ में आए पुनरुक्त शब्दों को लिखो ।

उत्तर - दूर-दूर, साथ-साथ, बार- बार

करते-करते, चलते-चलते, जाते-जाते

प्रश्न 13- हजरत मोहम्मद किस धर्म के प्रवर्तक थे ?

उत्तर - हजरत मोहम्मद इस्लाम धर्म के प्रवर्तक थे।

प्रश्न 14- समानार्थी शब्द लिखो ।

राहगीर, रहमदिल,अजनबी, विश्वास

उत्तर- राहगीर - पथिक, रहमदिल - दयालु,

अजनबी-अनजान, विश्वास - भरोसा

प्रश्न 15- नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो ?

शत्रु, नरम, अंधेरा, शांति

उत्तर- शत्रु -मित्र, नरम- गरम,

अंधेरा- उजाला, शांति- अशांति

प्रश्न 16 - पर्यायवाची शब्द लिखो । (दो-दो)

रास्ता, भगवान

उत्तर -रास्ता - मार्ग, राह

भगवान - ईश्वर , प्रभु

प्रश्न 17 - लिंग बदलकर लिखो ।

बुढ़िया, दादी, आदमी, पति

उत्तर -बुढ़िया - बूढ़ा, दादी - दादा

आदमी- औरत, पति - पत्नि

प्रश्न 18 - 'महामानव' कहानी की तरह कोई एक प्रेरणादायक कहानी अपने शब्दों में लिखो ।

उत्तर - ईदगाह, पंच परमेश्वर आदि। (बच्चे स्वयं इस प्रश्न का उत्तर लिखेंगे।)

प्रश्न 19 - नीचे लिखे संज्ञा शब्दों को विशेषण बनाकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

1. बहादुर 2. सर्द 3. खराब

उत्तर -1. बहादुर = बहादुरी

वाक्य प्रयोग - यह युद्ध जीतकर भारतीय सेना ने बहादुरी का परिचय दिया है।

2. सर्द = सर्दी

वाक्य प्रयोग - दिसम्बर जनवरी में सर्दी बहुत बढ़ जाती है।

3. खराब = खराबी

वाक्य प्रयोग - अत्यधिक मीठा खाना खराबी करता है।

प्रश्न 20 - क्या आपने भी अपने गाँव में किसी प्रकार की अफवाह सुनी है तो उसे बताइए और ये भी बताइए कि आपने इस बात पर विश्वास किया की नहीं?

उत्तर - बच्चे स्वयं करेंगे ।

प्रश्न 21 - बुढ़िया ने मोहम्मद के बारे में अफवाह सुनी थी किन्तु आपने तो पुस्तक में मोहम्मद के बारे में पढ़ा, तो बताइए मोहम्मद के बारे में आपके क्या विचार हैं?

उत्तर - मोहम्मद एक अच्छा और भला व्यक्ति था। बुढ़िया की उसने सहायता की थी। इससे पता चलता है कि वह दयालु और लोगों की सहायता करने वाला व्यक्ति है, दूसरों को कष्ट में देखकर वह सदा सहायता को तत्पर रहता था। वह स्वभाव से विनम्र भी है क्योंकि जब बुढ़िया उसे उस जादूगर के बारे में मोहम्मद को बताते हुए उसे भला-बुरा कह रही थी तो उसे जरा भी बुरा नहीं लगा। वह अल्लाह को मानने वाला बंदा है और उसे अपने अल्लाह पर पूरा भरोसा है।

# पाठ - 12

## गुंडाधूर

प्रश्न 1 - सही उत्तर छाँटकर लिखिए -

1. भूमकाल क्या है?

(अ) शहर का नाम (ब) एक विद्रोह का नाम

(स) एक जाति का नाम (द) एक राजा का नाम

उत्तर -(ब) एक विद्रोह का नाम

2. ............. को बस्तर का स्वाभिमान कहा जाता है?

(अ) ढिबरीधूर (ब) रूद्र प्रताप

(स) गुंडाधूर (द) बैजनाथ पंडा

उत्तर -(स) गुंडाधूर

3. राजा के चाचा, राजा की सौतेली माँ, सुवर्ण कुंवर को जनता <u>प्रेम</u> करती थी किन्तु दीवान बैजनाथ पंडा से ........... करती थी। (खाली स्थान में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए)

(अ) घृणा (ब) प्यार

(स) इर्ष्या (द) गुस्सा

उत्तर -(अ) घृणा

4. 'दार' प्रत्यय लगने के बाद बनने वाले शब्द हैं -

(अ) दारबान (ब) दरवाजा

(स) ईमानदार (द) दार

उत्तर -(अ) ईमानदार

प्रश्न 5 - गुंडाधूर कौन था ?

उत्तर - गुंडाधूर एक आदिवासी क्रांतिकारी था।

प्रश्न 6 - गुंडाधूर कहाँ का रहने वाला था ?

उत्तर- गुंडाधूर बस्तर के नेतानार गाँव का रहने वाला था।

प्रश्न 7 - गुंडाधूर का स्वभाव कैसा था ?

उत्तर - गुंडाधूर का स्वाभाव निडर, साहसी और सत्यवादी था।

प्रश्न 8 - आदिवासियों के विद्रोह का क्या नाम था ?

उत्तर - आदिवासियों के विद्रोह का नाम भूमकाल था।

प्रश्न 10- भूमकाल की शुरूआत कब हुई थी ?

उत्तर - भूमकाल की शुरूआत 02 फरवरी 1910 को बस्तर में हुई थी।

प्रश्न 11- आदिवासियों के प्रेरणा स्त्रोत कौन-कौन थे ?

उत्तर - आदिवासियों के प्रेरणा स्त्रोत गुंडाधूर, लाल कालेन्द्र सिंह, रानी सुवर्ण कुंवर, बाल प्रसाद, नरसिंह और दुलार सिंह थे।

प्रश्न 12- मुठभेड़ में कितने क्रांतिकारी मारे गये थे ?

उत्तर - मुठभेड़ में लगभग 500 क्रांतिकारी मारे गए थे ।

प्रश्न 13- बैजनाथ पण्डा कौन था ?

उत्तर - बैजनाथ पण्डा अंग्रेजों का पिट्टू एक दीवान था।

प्रश्न 14- बस्तर का राजा कौन था ?

उत्तर - बस्तर का राजा रूद्रप्रताप देव था।

प्रश्न 15- बस्तर का स्वाभिमान किसे कहा जाता है ?

उत्तर - बस्तर का स्वाभिमान गुंडाधूर को कहा जाता है।

प्रश्न 16 - रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द भरो ।

(क) <u>शांति</u> के समय .............की बात करना ठीक नहीं।

(ख) <u>आज</u> जिस स्थिति में है,पता नहीं ................क्या स्थिति बने।

(ग) गुंडाधूर <u>अच्छा</u> युवक था लेकिन बैजनाथ पण्डा..........व्यक्ति था।

उत्तर - (क) अशांति (ख) कल (ग) बुरा

प्रश्न 17 - 'प्र' उपसर्ग लगाकर शब्द बनाओ ।

उत्तर - प्रहार, प्रखर, प्रगति, प्रबोध

प्रश्न 18 - 'वान' प्रत्यय लगाकर शब्द बनाओ ।

उत्तर - गाड़ीवान, दयावान, पहलवान, ज्ञानवान

प्रश्न 19 - इस पहेली में चार क्रांतिकारी के नाम दिए हैं इन्हें लिखो ।

1. बस्तर का क्रांतिकारी

2. काकोरी कांड का क्रांतिकारी

3. झारखण्ड का क्रांतिकारी

4. पानी के जहाज से कूदकर आया क्रांतिकारी

उत्तर- 1. गुंडाधूर 2. बिस्मिल 3. बिरसामुण्डा 4. सावरकर

प्रश्न 20 - 'डारा मिरी' से आप क्या समझते हैं?

उत्तर - बस्तर के आदिवासी समूहों ने जब अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का सोचा तब उन्होंने उस विद्रोह के संदेश को आम की टहनियों में मिर्च बाँधकर गाँव-गाँव में भेजा । इस प्रकार संदेश भेजने को ही 'डारा मिरी' कहा जाता है।

प्रश्न 21 - उपसर्ग और शब्द को अलग छाँटकर लिखो ।

1. प्रगति 2. दुर्व्यवहार 3. लोकप्रिय

4. सर्वसम्मति 5. असंतोष 6. बेसुध

उत्तर -1. प्रगति = प्र + गति 2. दुर्व्यवहार = दुर् + व्यवहार

3. लोकप्रिय = लोक + प्रिय 4. सर्वसम्मति = सर्व + सम्मति

5. असंतोष = अ + संतोष 6. बेसुध = बे + सुध

प्रश्न 22 - गुंडाधूर ने अंग्रेजों और भ्रष्टाचारी अधिकारियों और कर्मचारियों को सबक सिखाने के लिए क्या योजना बनाई?

उत्तर - गुंडाधूर की योजना के अंतर्गत अंग्रेजों के संचार साधनों को नष्ट करना, सड़कों पर बाधाएँ खड़ी करना, थानों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों को लूटना और आग लगाना शामिल थे।

प्रश्न 23 - अगर सोनू मांझी ने विश्वासघात नहीं किया होता तो क्या होता? अपने विचार लिखो।

उत्तर - अगर सोनू माँझी ने विश्वासघात नहीं किया होता तो शायद सभी आदिवासी और अधिक संगठित होते और अंग्रेजों के खिलाफ उनका आन्दोलन और अधिक सक्रिय रूप में होता। वनवासियों का आत्मविश्वास बढ़ता और वे अपने अधिकारों के प्रति अधिक जानकार बनते। उनमें देशभक्ति और स्वाभिमान की भाव आता और शायद वे देश की स्वतंत्रता संग्राम में भी अपनी हिस्सेदारी देते।

प्रश्न 24- आदिवासियों का वन पर से अधिकार समाप्त हो जाने से उन्हें किस-किस प्रकार की परेशानी होती लिखिए ?

उत्तर - आदिवासियों का वन पर से अधिकार समाप्त हो जाने से उन्हें अनेक प्रकार की परेशानी होती। उन्हें अपनी जरूरत की छोटी-छोटी आवश्यकताओं जैसे - दातून, पत्ता, दवाई, कंद, मूल, फल, फूल, सब्जी के लिए वन पर आश्रित होना पड़ता है। इस प्रकार अधिकारों को सीमित कर देने से हर चीज के लिए उन्हें सरकारी अनुमति लेनी पड़ती। इस प्रकार रियासत के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा अपने पद का गलत इस्तेमाल करने लगेंगे। प्रजा जनों के साथ दुर्व्यवहार करने का अधिकार उनको प्राप्त हो जाता और वे इसका उपयोग आदिवासियों को परेशान करने में करने लगाते। वन उनका जीवन उपार्जन का भी स्रोत है। वे इन्हीं से प्राप्त चीजों को बेचकर पैसा प्राप्त कर अपनी जीविका चलाते हैं। वन अधिकार समाप्त हो जाने से उनका यह स्रोत भी बंद हो जाएगा और उन्हें परेशानियाँ होती।

प्रश्न 25- भूमकाल आन्दोलन के बाद वहाँ के लोगों में क्या परिवर्तन हुआ?

उत्तर - बस्तर में भूमकाल आंदोलन के बाद वहाँ के आदिवासियों को उनके अधिकारों के लिए जागृत कर दिया। उनके भीतर अपनी मिट्टी और जंगल के प्रति प्रेम भाव जागा और वे उसकी रक्षा के प्रति जिम्मेदार और देशभक्त बने। उन्हें अपनी संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा मिली। आदिवासियों के इस स्वरूप से शोषकों के मन में भय उत्पन्न हुआ और उनका लाभ उठाने वाले लोग भयभीत हुए और उनके शोषण में कमी आई।

## पाठ - 13

## जंगल के राम कहानी

प्रश्न 1- ए कविता म काकर राम कहानी हे ?

उत्तर - ए कविता म जंगल के राम कहानी हे।

प्रश्न 2 - जंगल हमर काय ए ?

उत्तर - जंगल हमर सगा-संबंधी अउ जिनगानी ए।

प्रश्न 3 - जंगल म कोन रहत रहिन ?

उत्तर - जंगल म हमर पुरखा मन रहत रहिन।

प्रश्न 4 - जंगल ले का-का मिलथे ?

उत्तर - जंगल ले लकड़ी, फर, फूल, भाजी, कांदा, दवई, बूटी मिलथे।

प्रश्न 5 - जंगल ल अब्बड़ दानी काबर कहे गेहे ?

उत्तर - जंगल ह हमला सब देथे फेर कभू कुछु नंइ माँगय, तेकर सेती जंगल ल अब्बड़ दानी कहे गेहे।

प्रश्न 6 - परदूसन ल राक्षस काबर कहे गेहे ?

उत्तर - परदूसन ले हवा, पानी, सबो गंदा हो जथे तेकर सेती ऐला राक्षस केहे गेहे ।

प्रश्न 7- खाल्हे लिखे कविता के अरथ लिखव ।

जंगल म रहिन पुरखा मन जनम-करम जंगल म,<br>
जंगल के फर-फूल ल खा के, बाढ़िन ओकर बल म।

उत्तर- अरथ - कवि कहते हैं कि हमारे पूर्वज लोग जंगल में जन्म लेकर रहते थे, वहीं काम करते थे। हमारे पूर्वज जंगल के फर और फूलों को खाकर बड़े हुए हैं।

प्रश्न 8 - कविता के छूटे भाग ल लिखव ।

राम किसन ल ..........................<br>
........................... घर के बाहिर।

उत्तर - राम किसन ल जानेन हमन, इही जंगल के खातिर, गौतम जी ल गियान मिलिस, जंगल म घर के बाहिर।

प्रश्न 9 - खाल्हे लिखे सबद मन के हिंदी अरथ लिखव ।

गियान, पुरखा, किरपा, परदूसन, बाहिर

उत्तर - गियान - ज्ञान

पुरखा - पूर्वज

किरपा - कृपा

परदुसरन - प्रदूषण

बाहिर - बाहर

प्रश्न 10 - उलटा अरथ वाले सबद मन के जोड़ी बनावव ।

मउत - देवता

राक्षस - जिनगानी

अड़बड़ - बहिनी

भाई - थोकिन

उत्तर - मउत - जिनगानी

राक्षस - देवता

अड़बड़ - थोकिन

भाई - बहिनी

प्रश्न 11 - समान ध्वनि वाला सबद लिखव ।

उत्तर - जंगल - मंगल, दंगल

कहानी - विरानी, सयानी

राजा - बाजा, साजा

प्रश्न 12 - पर्यायवाची सबद लिखव ।

जंगल, दुनिया

उत्तर - जंगल - वन, कानन

दुनिया - जग, संसार

प्रश्न 13 - खाली स्थान भरव ।

(क) बिन.................... का दुनिया-दारी।

(ख) जंगल के ......................ले भाई।

(ग) जंगल हमर ........................।

(घ)..........................कभू नई माँगय कुछु।

उत्तर -(क) पानी

(ख) किरपा

(ग) सगा-संबंध

(घ) जंगल

प्रश्न 14 - एक ठन छत्तीसगढ़ी कविता लिखव ।

उत्तर -तरी हरी ना मोर नाना

हाय रे मोर सुवना

तरी हरी ना मोर नाना।

## पाठ - 14

## रेशम, चंदन और सोने की धरती - कर्नाटक

प्रश्न 1 - निम्नलिखित में से उचित उत्तर छाँटकर लिखिए।

1. कर्नाटक राज्य का आकार कैसा है?

(अ) काजू (ब) श्रीफल

(स) समुद्री घोड़ा (द) आम

उत्तर -(अ) काजू

2. इसरो का उपग्रह केन्द्र है -

(अ) दिल्ली (ब) छत्तीसगढ़

(स) बैंगलोर (द) मैसूर

उत्तर -(स) बैंगलोर

3. कर्नाटक में बोली जाने वाली भाषा है -

(अ) हिंदी (ब) कोंकणी

(स) कन्नड़ (द) तेलगू

उत्तर -(स) कन्नड़

4. यक्षगान ............. पर आधारित रहता है।

(अ) पंचतन्त्र की कहानियों पर (ब) पौराणिक कथाओं पर

(स) सत्य घटनाओं पर (द) फिल्मों पर

उत्तर -(ब) पौराणिक कथाओं पर

प्रश्न 2 - रेशम, चंदन और सोने की धरती किस राज्य को कहा गया ?

उत्तर - कर्नाटक को।

प्रश्न 3 - कर्नाटक का आकार किस फल के जैसा है ?

उत्तर - कर्नाटक का आकार काजू फल जैसा है।

प्रश्न 4 - कर्नाटक राज्य किन-किन राज्यों की सीमा को छूती है ?

उत्तर - कर्नाटक राज्य, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, केरल, तमिलनाडु और गोवा राज्य की सीमा को छूती है।

प्रश्न 5 - कर्नाटक में सोने की खान कहाँ है ?

उत्तर - कर्नाटक में सोने की खान कोलार में है।

प्रश्न 6 - बगीचों का शहर किसे कहा जाता है ?

उत्तर - बगीचों का शहर बैंगलोर (बंगलुरु) को कहा जाता है।

प्रश्न 7 - कर्नाटक में कौन-सा प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान है ?

उत्तर - कर्नाटक में बाँदीपुर टाइगर रिजर्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान है।

प्रश्न 8 - कर्नाटक की राजधानी कहाँ है ?

उत्तर - कर्नाटक की राजधानी बैंगलोर (बंगलुरु) है।

प्रश्न 9 - कर्नाटक का प्रमुख व प्रसिद्ध शहर कौन-सा है ?

उत्तर - मैसूर कर्नाटक का प्रसिद्ध शहर है।

प्रश्न 10 - कर्नाटक का प्रमुख बंदरगाह कौन-सा है ?

उत्तर - हुबली और मैंगलोर कर्नाटक के प्रमुख बंदरगाह है।

प्रश्न 11 - मैसूर में किस प्रसिद्ध देवी का मंदिर है ?

उत्तर- मैसूर में चामुण्डेश्वरी देवी का प्रसिद्ध मंदिर है।

प्रश्न 12 - भगवान गोमतेश्वर बाहुबली की विशाल प्रतिमा कहाँ स्थित है ?

उत्तर- श्रवण बेलगोला में।

प्रश्न 13 - भारत का सबसे बड़ा जलप्रपात कौन-सा है ?

उत्तर - भारत का सबसे बड़ा जल प्रपात कर्नाटक का जोग प्रपात है।

प्रश्न 14 - कर्नाटक का प्रसिद्ध लोकनाट्य क्या है ?

उत्तर - कर्नाटक का प्रसिद्ध लोकनाट्य यक्षगान है ।

प्रश्न 15 - कर्नाटक में महिलाएँ व पुरूष का परिधान क्या है ?

उत्तर - कर्नाटक में महिलाएँ साड़ी और पुरूष धोतरा (धोती) पहनते हैं।

प्रश्न 16 - बहुवचन बनाओ ।

मछली, तितली, मूर्ति, सैलानी

उत्तर- मछली- मछलियाँ, तितली- तितलियाँ

मूर्ति - मूर्तियाँ, सैलानी - सैलानियाँ

प्रश्न 17- सही जोड़ी बनाओ ।

1. एक बड़ा जलप्रपात - चामुण्डेश्वरी देवी

2. एक राष्ट्रीय उद्यान - जोग प्रपात

3. प्राचीन विष्णु मंदिर - कोलार

4. बहुमूल्य वस्तु की खान- बाँदीपुर

5. पहाड़ी पर स्थित देवी मंदिर-श्रीरंगपट्टनम

उत्तर -1. जोग प्रपात

2. बाँदीपुर

3. श्रीरंगपट्टन

4. कोलार

5. चामुण्डेश्वरी देवी

प्रश्न 18 - पाठ पढ़ने के बाद आपने 'इसरों' के बारे में क्या समझा? लिखिए।

उत्तर - कर्नाटक की राजधानी बैंगलोर (बैंगलुरू) है । यहीं इसरो उपग्रह का केन्द्र है। इसरो में ही उपग्रहों के डिजाइन, निर्माण, परीक्षण और प्रबंधन होता है। इसरो में ही उपग्रह प्रक्षेपण का नियंत्रण और परिचालन होता है।

प्रश्न 19 - नीचे दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखो।

| | | |
|---|---|---|
| 1. अन्नति | 2. पयटर्क | 3. पौरानिक |
| 4. नीराली | 5. पृमुख | 6. उपगह |
| 7. लोकनाटय | 8. तीथसथल | |

उत्तर -

| | | |
|---|---|---|
| 1. उन्नति | 2. पर्यटक | 3. पौराणिक |
| 4. निराली | 5. प्रमुख | 6. उपग्रह |
| 7. लोकनाट्य | 8. तीर्थस्थल | |

प्रश्न 20 - छत्तीसगढ़ के कुछ दर्शनीय व प्रसिद्ध स्थलों के नाम लिखो।

उत्तर -छत्तीसगढ़ के दर्शनीय स्थल -

| | |
|---|---|
| 1. महामाया मंदिर | 2. चित्रकोट जलप्रपात |
| 3. कैलाश गुफा | 4. खूंटाघाट बाँध |
| 5. गंगरेल बाँध | 6. भोरमदेव मंदिर |
| 7. जतमई घटारानी | 8. मैनपाट |

9. बमलेश्वरी मंदिर        10. तीरथगढ़ जलप्रपात

प्रश्न 21 - सही जोड़ी बनाओ।

1. कृष्णराज सागर - खाद्य पदार्थ
2. गोमतेश्वर - टीपू सुल्तान
3. श्रीरंग पट्टनम - श्रवण बेलगोला
4. यक्षगान - कावेरी नदी
5. महिषासुर - लोकनाट्य
6. रसम - बैंगलोर
7. लालबाग - दैत्य

उत्तर -
1. कृष्णराज सागर - कावेरी नदी
2. गोमतेश्वर - श्रवण बेलगोला
3. श्रीरंग पट्टनम - टीपू सुल्तान
4. यक्षगान - लोकनाट्य
5. महिषासुर - दैत्य
6. रसम - खाद्य पदार्थ
7. लालबाग - बैंगलोर

प्रश्न 22 - कर्नाटक की कौन - सी बात या जगह आपको अच्छी लगी। उसके बारे में लिखिए।

उत्तर - मैसूर से लगभग 100 किमी दूरी पर जैन तीर्थ 'श्रवण बेलगोला' भगवान गोमतेश्वर बाहुबली की 57 फीट ऊँची विशाल प्रतिमा है जिसे एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया है। गोमतेश्वर जैनियों के प्रथम तीर्थकर ऋषभदेव के पुत्र बाहुबली का ही नाम है। 12 वर्षों में एक बार इसका महामस्तकाभिषेक होता है।

प्रश्न 23 - छत्तीसगढ़ के रहन-सहन व संस्कृति की विशेषताओं के बारे में लिखिए।

उत्तर - छत्तीसगढ़ भारत का 26 वाँ राज्य है। यह पहले मध्य प्रदेश राज्य के अंतर्गत था। 1 नवम्बर-2000 को इसका गठन हुआ। किसी समय

इस क्षेत्र में 36 गढ़ थे । इसलिए इसका नाम छतीसगढ़ पड़ा। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर है।

छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। प्रदेश की अधिकारिक भाषा हिंदी है। प्रदेश में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा छत्तीसगढ़ी है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में गीत एवं नृत्य का बहुत महत्व है। यहाँ के कुछ प्रमुख लोकगीतों में से भोजली, पंडवानी, जस गीत, सुआ गीत, देवार गीत है। लोक नृत्य, सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, डंडा नाच, आदि है।

छत्तीसगढ़ के खान-पान सादा एवं स्वाद से भरा होता है। प्रत्येक तीज - त्यौहार एवं मौसम के अनुरूप खान-पान में विविधता है। कुछ प्रमुख व्यंजन तसमई, खुरमी, पपची, अनरसा, देहरौरी, फरा, चौसेला, ठेठरी, बरा, चीला आदि है। छत्तीसगढ़ के व्यंजन संतुलित, स्वास्थ्यवर्धक व स्वादिष्ट होते हैं।

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक परिधान जिसमें महिलाओं की साड़ी, गले में सूता, बाजूबंद, हाथ में ऐठी, करधन, पैजन, सांटी, लच्छा, तोड़ा, पैरी आदि । पुरुषों का परिधान कुरता, धोती, पगड़ी/फेटा है।

## पाठ - 15

## एक और गुरू दक्षिणा

प्रश्न 1 - सही उत्तर चुनकर लिखिए -

1. 'निपुण' का अर्थ है -

(अ) निडर (ब) कुशल

(स) पुण्य (द) बेवकूफ

उत्तर -(ब) कुशल

2. दूसरे शिष्य ने गुरू को क्या दिया?

(अ) सोने की पोटली (ब) चाँदी की मूर्ति

(स) हीरे का हार (द) मोतियों की थैली

उत्तर -(अ) सोने की पोटली

3. कौन-सा शिष्य कुशल गोताखोर बन गया?

(अ) पहला शिष्य (ब) दूसरा शिष्य

(स) तीसरा शिष्य (द) कोई नहीं

उत्तर -(ब) दूसरा शिष्य

प्रश्न 2 - गुरूजी ने जिस शिष्य को गुरू मंत्र पाने का अधिकारी माना वह कौन था?

उत्तर - गुरूजी ने जिस शिष्य को गुरू मंत्र पाने का अधिकारी माना वह शिष्य सुबंधु था।

प्रश्न 3 - योजक चिह्न के स्थान पर सही शब्द का प्रयोग कर विस्तार करें।

1. ऋषि-मुनि 2. जल-धारा

उत्तर -1. ऋषि और मुनि 2. जल की धारा

प्रश्न 4 - ऋषि का आश्रम किस नदी के तट पर था ?

उत्तर - ऋषि का आश्रम गंगा नदी के तट पर था।

प्रश्न 5 - ऋषि का आश्रम कैसा था ?

उत्तर - ऋषि का आश्रम मीलों लम्बा-चौड़ा था।

प्रश्न 6 - ऋषि के कितने प्रमुख शिष्य थे ?

उत्तर- ऋषि के तीन प्रमुख शिष्य थे।

प्रश्न 7- ऋषि ने शिष्यों की परीक्षा क्यों ली ?

उत्तर- ऋषि अपने गद्दी का अधिकारी किसी एक को बनाने के लिए तीनों शिष्यों की परीक्षा ली।

प्रश्न 8 - ऋषि ने शिष्यों की परीक्षा किस प्रकार ली ?

उत्तर- ऋषि ने तीनों शिष्यों को कहा कि जो एक वर्ष में अपने श्रम से कमाकर मेरे लिए अद्भुत सबसे सुन्दर और मूल्यवान वस्तु बनाएगा वही गद्दी का अधिकारी होगा।

प्रश्न 9 - पहला शिष्य किसके पास गया और क्या लाया ?

उत्तर- पहला शिष्य राजा के पास गया और हाथी-घोड़े लाया।

प्रश्न 10- दूसरा शिष्य कहाँ पहुँचा और गुरू को क्या भेंट दिया ?

उत्तर- दूसरा शिष्य समुद्र पर पहुँचा और उन्होंने गुरू को बहुत सारे बहुमूल्य मोती दिए ।

प्रश्न 11- तीसरा शिष्य कहाँ पहुँचा ?

उत्तर- तीसरा शिष्य एक गाँव पहुँचा।

प्रश्न 12- तीसरा शिष्य ने कौन - सा महान कार्य किया ?

उत्तर- तीसरा शिष्य ने मानव सेवा कर महान कार्य किया ।

प्रश्न 13 - कोष्टक में उचित शब्द चुनकर भरो ।

(क) उन्हें वे प्राणों के समान .............थे। (प्रिय/प्रेम)

(ख) राजन आप...................हैं। (भाग्यवान/भाग्यमान)

(ग) आप हमें ...................बता रहे हैं। (बुद्धिमान/बुद्धिवान)

(घ) ऋषि की बात सुनकर तीनों ने अपना सिर ............। (झुका लिया /पकड़ लिया)

(ड.) वह तो एक ................. किसान जैसा था। (असाधारण/साधारण)

उत्तर- (क) प्रिय (ख) भाग्यवान (ग) बुद्धिमान

(घ) झुका लिया (ड.) साधारण

प्रश्न 14- नीचे लिखे शब्दों को इस तरह तोड़कर लिखो ।

जैसे - गुरू-मंत्र - गुरू का मंत्र

राज-सिंहासन, लम्बा-चौड़ा, गुरू-दक्षिणा, ऋषि-मुनि, धूल-घूसरित

उत्तर- राज-सिंहासन = राजा का सिंहासन

लम्बा-चौड़ा = लम्बा और चौड़ा

गुरू-दक्षिणा = गुरू को दक्षिणा

ऋषि-मुनि = ऋषि और मुनि

धूल-धूसरित = धूल से धूसरित

प्रश्न 15- खाली स्थान में रेखाँकित शब्दों के विलोम शब्द लिखो ।

(क) सुबंधु की भेंट मूल्यवान थी पहले शिष्य की भेंट .............. थी।

(ख) दिनेश और विनय योग्य थे, सुरेश ...... ............था।

(ग) यह समस्या छोटी नहीं थी, बहुत ...................थी।

(घ) तीनो शिष्य परिश्रमी थे, वे .....................नहीं थे।

(ड.) वह पुराना जमाना था, अब ................जमाना है।

उत्तर- (क) मूल्यहीन (ख) अयोग्य (ग) बड़ी

(घ) आलसी (ड.) नया

प्रश्न 16- पयार्यवाची शब्द लिखो ।

जल, हवा, सूर्य, राजा

उत्तर- जल = पानी, नीर

हवा = पवन, समीर

सूर्य = सूरज, भास्कर

राजा = नरेश, नृप

प्रश्न 17- महापुरूषों के गुरू के नाम लिखो ।

राम, चन्द्रगुप्त, कृष्ण, शिवाजी, विवेकानंद, लवकुश

उत्तर- राम - विश्वामित्र

चन्द्रगुप्त - चाणक्य

कृष्ण - संदीपनी

शिवाजी - रामदास समर्थ

विवेकानंद - रामकृष्ण परमहंस

लवकुश - वाल्मीकि

प्रश्न 17- किसी भी एक महापुरूष की कहानी लिखो ।

उत्तर- महापुरूष की कहानी बच्चे स्वयं लिखेंगे ।

प्रश्न 18 - गुरू दक्षिणा से आप क्या समझते हैं?

उत्तर - गुरू दक्षिणा - प्राचीन काल में जब विद्यार्थी गुरूकुल और आश्रमों में रहकर शिक्षा ग्रहण करते थे । जब उनकी शिक्षा-दीक्षा पूरी हो जाती थी तब विद्यार्थी अपने गुरू को स्वेच्छा से उनके दिए गए ज्ञान के बदले में उनकी इच्छा या अपनी सामर्थ्य अनुसार कुछ भेंट देते थे उसे ही गुरू दक्षिणा कहते हैं।

प्रश्न 19 - निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य छाँटकर लिखिए । रास्ते में शाही पालकी जा रही थी।

उत्तर -विशेषण - शाही, विशेष्य - पालकी

1. सारे कुएँ सूखे पड़े हैं।

उत्तर -विशेषण - सूखे, विशेष्य - कुएँ

2. प्यासी धरती की प्यास बुझाओ।

उत्तर -विशेषण - प्यासी, विशेष्य - धरती

प्रश्न 20 - पाँच क्रिया शब्द लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए।

उत्तर -(1) नाचना - रूचि को बहुत अच्छा नाचना आता है।

(2) जाना - विजय को रोज स्कूल जाना चाहिए।

(3) चढ़ना - अर्जुन पेड़ पर जरा संभलकर चढ़ना।

(4) देखा - मैंने साँप को घर में घुसते देखा।

(5) चलना - कछुए का चलना बहुत धीरे-धीरे होता है।

प्रश्न 21 - एक वर्ष का समय पूरा होने के पश्चात भी सुबंधु क्यों नहीं लौटा? आपके विचार लिखिए।

उत्तर - एक वर्ष का समय पूरा होने के पश्चात भी सुबंधु नहीं लौटा क्योंकि वह जिस नगर में गया था । वहाँ के लोगों की उसने हिम्मत बढ़ाई

और स्वयं परिश्रम करके अपनी परेशानियों को दूर करने का मार्ग दिखाया। सुबंधु के विचार से ऐसा लगता है कि उस नगर के लोगों के साथ-साथ पूरे प्रदेश के और भी स्थानों के लोगों में दु:ख और परेशानी थी । उसे लगता था कि अगर उसके पास क्षमता और ज्ञान है तो उसे लोगों की भलाई में लगाना चाहिए । इस कारण उसे लगता था कि उसे और भी लोगों की भलाई का काम करना है उसका काम अधूरा है।

## पाठ - 16

## पत्र

प्रश्न 1 - सही विकल्प चुनकर लिखिए।

1. 'पत्र' में कांता ने किसके बारे में बताया है?

(अ) मेट्रो रेल (ब) बस (स) जलयान (द) वायुयान

उत्तर - (अ ) मेट्रो रेल

2. एक वचन है -

(अ) पटरी (ब) छुट्टियाँ (स) शालाएँ (द) योजनाएँ

उत्तर - (अ) पटरी

3. बहुवचन है -

(अ) बकरी (ब) लकड़ियाँ (स) गठरी (द) छुट्टी

उत्तर - (ब) लकड़ियाँ

4. कांता अपनी सहेली को कहाँ आने के लिए आमंत्रित कर रही है?

(अ) कोलकाता (ब) लखनऊ (स) दिल्ली (द) भोपाल

उत्तर - (स) दिल्ली

5. इनमें से पत्र लिखने के काम में आता है -

(अ) डाक टिकट (ब) पोस्ट मैन (स) लेटर बॉक्स (द) अंतर्देशीय

उत्तर - (द) अंतर्देशीय

प्रश्न 2 - कांता ने कहाँ से पत्र लिखा?

उत्तर - कांता ने शाहदरा दिल्ली से पत्र लिखा?

प्रश्न 3 - संदेश भेजने की प्राचीन प्रणाली क्या है?

उत्तर - संदेश भेजने की प्राचीन प्रणाली पत्र है।

प्रश्न 4 - क्या होगा अगर हम पत्र लिखते समय पिनकोड नहीं लिखेंगे?

उत्तर - पत्र सही जगह/स्थान पर नहीं पहुँच पाएगा।

प्रश्न 5 - पत्र लिखते समय पत्र की शुरूआत कैसे करते हैं?

उत्तर - पत्र लिखते समय पत्र की शुरूआत संबोधन व अभिवादन से करते हैं।

प्रश्न 6 - मेट्रो रेल की क्या विशेषताएँ है?

उत्तर - मेट्रो रेल के दरवाजे स्वचलित है जो गाड़ी के रूकते ही या चलते ही अपने आप खुल जाते और बंद हो जाते हैं । प्रत्येक स्टेशन आने से पूर्व उसके नाम की घोषणा की जाती है। साथ ही साथ इलेक्ट्रॉनिक सूचना बोर्ड पर स्टेशन आने के पूर्व उसका नाम अंकित हो जाता है।

प्रश्न 7 - कांता ने मीना को पत्र क्यों लिखा ?

उत्तर - कांता ने मीना को मेट्रो रेल के आने से हुए बदलाव की जानकारी देने हेतु पत्र लिखा और साथ ही उससे उसे दिल्ली आने का निमंत्रण दिया ।

प्रश्न 8 - संदेश भेजने के और कौन-कौन से साधन हैं? पता करो।

उत्तर - बच्चे स्वयं पता करेंगे।

प्रश्न 9 - कोविड-19 संक्रमण से बचाव के उपाय की जानकारी देते हुए अपनी सहेली/मित्र को पत्र लिखो?

उत्तर - बच्चे स्वविवेक से पत्र लिखेंगे।

प्रश्न 10 - पत्रों के विभिन्न प्रकारों के बारे में पता करके लिखो?

उत्तर - बच्चे अपने बड़ों से पता करके लिखेंगे ।

प्रश्न 11 - बड़ों को पत्र लिखते समय संबोधन में क्या लिखा जाता है?

उत्तर - बड़ों को पत्र लिखते समय संबोधन में आदरणीय, पूजनीय, पूज्य, श्रद्धेय लिखा जाता है।

प्रश्न 12 - छोटों को पत्र लिखते समय संबोधन में क्या लिखा जाता है?

उत्तर - छोटों को पत्र लिखते समय संबोधन में प्रिय, चिरंजीव, प्यारे आदि लिखते हैं।

प्रश्न 13 - लाल किला और कुतुबमीनार कहाँ हैं?

उत्तर - लाल किला और कुतुबमीनार दिल्ली में हैं।

प्रश्न 14 - दिल्ली के पहले मेट्रो रेल कहाँ प्रचलित थी।

उत्तर - दिल्ली के पहले मेट्रो रेल कोलकाता में प्रचलित थी।

## पाठ 17

## जीवन के दोहा

प्रश्न 1- सही विकल्प चुनकर लिखो-

1. 'धुर्रा - माटी' के हिंदी म का अरथ हवय -

(अ) धूल-मिट्टी (ब) फूल-पत्ती

(स) पेड़-फल (द) पहाड़-मिट्टी

उत्तर -(अ) धूल-मिट्टी

2. चारी- चुगली ल कोन रोग कहे हवय -

(अ) कोढ़ (ब) खजरी (स) टीबी (द) हैजा

उत्तर - (ब) खजरी।

3. जीवन के दोहा के कवि आय -

(अ) कोदूराम दलित (ब) सुखदेव अहिलेश्वर

(स) ठाकुर जीवन सिंह (द) दिनेश गौतम

उत्तर - (स) ठाकुर जीवन सिंह

4. 'महुरा' के उल्टा शब्द हवय -

(अ) असंत (ब) कमल (स) दुख (द) अमरित

उत्तर - (द) अमरित

प्रश्न 2 - खाल्हे लिखाय दोहा के अरथ लिखव -

1. जउन गाँव जाना नहीं, पूछे के का काम।
   पेड़ गिनाई बिरथ हे, फर खाये ले काम।।

उत्तर - जउन गाँव म जाना नई हे ओखर पुछ परख नई करना चाही। आदमी ल अपन काम से काम रखना चाही। फर खाये ले मतलब रखना चाही पेड़ नई गिनना चाही।

2. बात निकलथे बात ले, सँवरय बिगड़य बात।
   बात - बात दुध - भात हे , बात म जूता लात।।

उत्तर - बात ले बात निकलथे एक बात करे ल संवरजथे त एक बातेच करे ल बिगड़ घलो जथे। जइसन के बने-बने गोठियाय ले दूध भात मिलथे

अऊ करू-करू गोठियाये ले  पनही-लात घलो मिलथे। एखरे सेती बने सोच बिचार के गोठियाना चाही।

प्रश्न 3 - कखरो दूसर के आस कब नहीं करना चाही?

उत्तर- जब अपन हाथ गोड़ ह बने हवय त कोनो दूसर के आस नहीं करना चाही।

प्रश्न 4 - अधूरा दोहा ल पूरा करव-

छोटे-मोटे बात बर,..........................

................................, चुप्पी एमा सार।।

उत्तर -बहस बहुत बेकार ।

उलझव झन तकरार मा ।

प्रश्न 5 - जोड़ा शबद लिखव (कोनो दू ठन)

उत्तर -1.चूरी - फूंदरी

2.हाथ - गोड़

प्रश्न 6 - धुर्रा- माटी के हिनमान काबर नई करना चाही? लिखव।

उत्तर- छोटे अऊ महत्वहीन जिनीस ल कभू  हिनमान नई मानना चाही। काबर के जेन जिनीस ल बेकार समझथन ओहा बहुत उपयोगी होथे। जईसे धूर्रा- माटी अऊ चिखला ल बेकार समझथन फेर कमल ह ऊंहे उबजथे।

प्रश्न 7 - खजरी अऊ खसरा के लक्षण  बड़े मन ले पता करके लिखव।

उत्तर- लईका मन अपन बड़े ले पूछ के लिखही।

प्रश्न 8 - खजुवावत सुख होत हे, पाछू दुख ला भोग । कवि ह अईसन काबर कहे हवय ?

उत्तर- कवि ह कहिथे खजरी हा शुरू म खजवात बने लगथे फेर उही ह बाद म घाव बनके अब्बड़ पीरा देथे, ठीक ओईसने चारी- चुगरी शुरू म गोठियात ल बने लगथे फेर बाद म लड़ई-झगड़ा के कारण बनथे। एखरे सेती चारी -चुगरी ल खजरी अऊ खसरा के नाम देहवय।

प्रश्न 9 - खाल्हे लिखाय सबद मन के वाक्य म प्रयोग करव

1. पागा - …….……..............................

2. पनही - ........................................

3. टीका - .........................................

उत्तर - 1. किसान हर मूड़ी म पागा बांधे हे ।

2. पनही ल गोड़ म पहिरे जाथे ।

3. साधुमन माथा म टीका लगाथे ।

प्रश्न 10 - 'जीवन के दोहा' पाठ में आय छत्तीसगढ़ी हाना ल खोज के लिखव।

उत्तर - लईकामन स्वयं प्रयास करके लिखही।

प्रश्न 11 - जीवन के दोहा पाठ के कोन दोहा ह तोला बने लगिस हे, काबर बने लगिस हे सोच के लिखव।

उत्तर - लईकामन स्वयं प्रयास करके लिखही।

# पाठ - 18

## हार नहीं होती

प्रश्न 1 - सही विकल्प चुनकर लिखिए।

1. गोताखोर कहाँ डुबकी लगाकर मोती प्राप्त करते हैं ?

(अ) सिंधु (ब) तालाब (स) नहर (द) कुआँ

उत्तर - (अ) सिंधु

2. कौन बार-बार प्रयास करना नहीं छोड़ती ?

(अ) गुबरैला (ब) चींटी (स) मछली (द) मेंढक

उत्तर - (ब) चींटी

3. तत्सम शब्द है -

(अ) गाय (ब) चरन (स) नींद (द) प्राण

उत्तर - (द) प्राण

4. तद्भव शब्द है -

(अ) हाथ (ब) चरण (स) दर्शन (द) सिंधु

उत्तर - (अ) हाथ

5. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है -

(अ) महेनत (ब) चड़ती (स) संघर्ष (द) विसवास

उत्तर - (स) संघर्ष

प्रश्न 2 - किसकी मुट्ठी हर बार खाली नहीं होती ?

उत्तर - गोताखोर अर्थात् निरंतर प्रयास करने वालों की मुट्ठी हर बार खाली नहीं होती।

प्रश्न 3 - किसकी मेहनत बेकार नहीं होती है ?

उत्तर - कोशिश करने वालों की मेहनत बेकार नहीं होती है।

प्रश्न 4 - निरंतर प्रयास करने से क्या होता है?

उत्तर - निरंतर प्रयास करने से अंततः सफलता प्राप्त होती है।

प्रश्न 5 - संघर्षों के मैदान को छोड़कर भागने से मना क्यों किया है?

उत्तर - संघर्षों के मैदान को छोड़कर भागने वाले कभी भी सफल नहीं होते हैं। इसलिए संघर्षों के मैदान को छोड़कर भागने से मना किया है ।

प्रश्न 6 - लोग किसकी जय-जयकार करते हैं?

उत्तर - जब लोग कठिन परिश्रम करके सफल होते हैं तब उनकी जय-जयकार करते हैं।

प्रश्न 7 - 'असफलता एक चुनौती है', ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर - असफलता की चुनौती स्वीकार कर उसमें जो कमी है उसे सुधार कर निरंतर प्रयास करने से अंततः हमें सफलता प्राप्त होती है इसलिए कहा गया है कि असफलता एक चुनौती है।

प्रश्न 8 - सफलता प्राप्त करने तक हमें किन-किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ?

उत्तर - सफलता प्राप्त करने तक हमें नींद-चैन को त्यागकर निरंतर प्रयास करना चाहिए।

प्रश्न 9 - रगों में साहस किससे भरता है?

उत्तर - मन के विश्वास से रगों में साहस भरता है।

प्रश्न 10 - हमें कब नहीं अखरता है?

उत्तर - जब हम बार-बार असफल होकर भी निरंतर प्रयास करते हैं और अंततः सफल हो जाते हैं तो शुरूआती असफलता नहीं अखरता है।

प्रश्न 11 - कोल्हू का बैल किसे कहते हैं?

उत्तर - जो कड़ी मेहनत करता है उसे कोल्हू का बैल कहा जाता है।

प्रश्न 12 - मेहनत और कोशिश से जुड़े कुछ मुहावरे लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो ।

उत्तर - बच्चे स्वयं प्रयास करेंगे।

प्रश्न 13 - किसी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए आप क्या-क्या करते हैं, विस्तार से लिखो?

उत्तर - बच्चे स्वयं लिखेंगे ।

## पाठ - 19

## राष्ट्र-प्रहरी

प्रश्न 1 - सही विकल्प चुनकर लिखिए।

1. भारतीय सेना के अंग हैं -

(अ) तीन (ब) चार (स) पाँच (द) छः

उत्तर - (अ) तीन

2. अक्षय ने पुस्तकालय से कौन-सी पुस्तक पढ़ने के लिए ली ?

(अ) जल सेना (ब) भारतीय सेना

(स) वायु सेना (द)थल सेना

उत्तर - (ब) भारतीय सेना

3. सीमा पर हरदम चौकस व सतर्क रहता है -

(अ) डॉक्टर (ब) शिक्षक (स) सेना (द) इंजीनियर

उत्तर - (स) सेना

4. 'वीरता' शब्द में प्रत्यय है -

(अ) आ (ब) ता (स) वी (द) अ

उत्तर - (ब) ता

5. राष्ट्रीय पर्व है -

(अ) दीपावली (ब) ईद

(स) क्रिसमस (द)गणतंत्र दिवस

उत्तर - (द) गणतंत्र दिवस

प्रश्न 2- भारतीय सेना के किस अंग में सैनिकों की संख्या सबसे अधिक है?

उत्तर - भारतीय सेना के थल सेना में सैनिकों की संख्या सबसे अधिक है।

प्रश्न 3- भारतीस सेना के तीनों अंगों का अध्यक्ष कौन होता है?

उत्तर - भारतीय सेना के तीनों अंगों का अध्यक्ष राष्ट्रपति होता है।

प्रश्न 4- समुद्री तटों व समुद्री सीमाओं की रक्षा कौन करती है?

उत्तर - समुद्री तटों व समुद्री सीमाओं की रक्षा नौसेना करती है।

प्रश्न 5- सैनिकों में कौन-कौन से गुण होने चाहिए?

उत्तर - सैनिकों में देशभक्ति, सजगता, साहस, धैर्य, अनुशासन आदि गुण होने चाहिए।

प्रश्न 6- जल सेना, वायु सेना और नौसेना कौन से रंग की वर्दी पहनते हैं?

उत्तर - थल सेना मटमैला हरा वर्दी, वायु सेना नीली वर्दी और नौसेना सफेद रंग की वर्दी पहनते हैं।

प्रश्न 7- जल की सतह व गहराई दोनों में प्रहार करने में कौन सक्षम होती है?

उत्तर - नौसेना समुद्री लड़ाई में कुशल होते हैं । जल की सतह व गहराई दोनों में प्रहार करने में सक्षम होती हैं।

प्रश्न 8- थल सेना, वायु सेना और नौ सेना के प्रशिक्षण विद्यालय का वातावरण कैसा होता है?

उत्तर - थल सेना, वायु सेना और नौ सेना के प्रशिक्षण विद्यालय में कठोर अनुशासन का वातावरण होता है।

प्रश्न 9- थल सैनिकों की संख्या सबसे अधिक होती है, क्यों?

उत्तर - सीमा सुरक्षा के साथ-साथ आन्तरिक सुरक्षा में भी थल सैनिकों की मदद ली जाती है इसलिए इनकी संख्या सबसे अधिक होती है। (विस्तृत थल सीमा होना भी एक कारण हो सकता है।)

प्रश्न 10- सैनिकों की सेवा भावना का परिचय कैसे मिलता है?

उत्तर - बाढ़, तूफान, भूकंप, सूखा आदि प्राकृतिक आपदाओं के समय वे जिस प्रकार जनता की सहायता करते हैं, इससे उनकी सेवा भावना का परिचय मिलता है।

प्रश्न 11- सैनिकों को विशिष्ट पदकों से सम्मानित क्यों किया जाता है?

उत्तर - वीरतापूर्ण और साहसिक कार्यों से देश की सुरक्षा करने को प्रोत्साहित करने के लिए सैनिकों को विशिष्ट पदकों से सम्मानित किया जाता है।

प्रश्न 12- संकट में घिरे नागरिकों को सुरक्षित स्थानों में ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका कौन निभाती है?

उत्तर - वायुसेना संकट में घिरे नागरिकों को सुरक्षित स्थानों में ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

प्रश्न 13- तुम बड़े होकर क्या बनना चाहते हो? लिखो।

उत्तर - बच्चे अपने विचार लिखेंगे।

प्रश्न 14- जल सेना, थल सेना, वायु सेना के बारे में जानकारी एकत्र कर लिखो।

उत्तर - बच्चे स्वयं जानकारी एकत्र कर लिखेंगे।

## पाठ - 20

## मस्जिद या पुल

प्रश्न 1 - सही विकल्प चुनकर लिखिए।

1. मुबारक खान ने किसके आगवानी के लिए जमीन-आसमान एक कर दिया?

(अ) अकबर (ब) मुंशी (स) अल्लाह (द) मल्लाह

उत्तर - (अ) अकबर

2. सर्वनाम है -

(अ) राम (ब) वह (स) हिमालय (द) सेना

उत्तर - (ब) वह

3. मुबारक खान ने बादशाह को नक्शा दिखाया -

(अ) मंदिर का (ब) पुल का

(स) मस्जिद का (द)महल का

उत्तर - (स) मस्जिद का

4. बाँछे खिलना का अर्थ है -

(अ) गुस्सा करना (ब) जोर से रोना

(स) पूरी कोशिश करना (द) खुश होना

उत्तर - (द) खुश होना

5. सूबेदार कौन था?

(अ) मुबारक खान (ब) अकबर (स) मुंशी (द) मल्लाह

उत्तर - (अ) मुबारक खान

प्रश्न 2 - नक्शा दिखाने के लिए कौन बरसों से बेकरार था?

उत्तर - मुबारक खान नक्शा दिखाने के लिए बरसों से बेकरार था।

प्रश्न 3 - गोमती नदी के किनारे वेश बदलकर कौन घूमने निकला?

उत्तर - गोमती नदी के किनारे वेश बदलकर अकबर घूमने निकला।

प्रश्न 4 - सर्वनाम किसे कहते हैं?

उत्तर - जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं उसे सर्वनाम कहते हैं।

प्रश्न 5 - 'दहाड़ मारकर रोना' का क्या अर्थ है?

उत्तर - 'दहाड़ मारकर रोना' का अर्थ जोर से रोना है या चिल्ला-चिल्ला कर रोना है ।

प्रश्न 6 - किसके पास बहुत कम समय था?

उत्तर - अकबर बादशाह के पास बहुत कम समय था।

प्रश्न 7 - बादशाह के दोनों गालों को किसने खरोच दिया?

उत्तर - बादशाह के दोनों गालों को बुढ़िया ने खरोच दिया।

प्रश्न 8 - अकबर वेश बदलकर गोमती नदी के किनारे क्यों घूमने निकले?

उत्तर - प्रजा की अंदरूनी हालत जानने के लिए अकबर वेश बदलकर गोमती नदी के किनारे घूमने निकले।

प्रश्न 9 - पुल बनाने में किन-किन सामाग्रियों का उपयोग किया जाता है?

उत्तर - पुल बनाने में गिट्टी, रेत, सीमेंट और छड़ का उपयोग किया जाता है।

प्रश्न 10 - पहले के समय में पुल न होने पर लोग नदी कैसे पार करते थे?

उत्तर - नाव, लकड़ी, ट्यूब, बर्तन व तैरकर भी नदी पार करते थे।

प्रश्न 11 - अकबर द्रवित क्यों हो गए?

उत्तर - नदी के किनारे मल्लाह के नहीं होने पर बुढ़िया घर नहीं जा सकने की आशंका से दहाड़ मारकर रोने लगी। बुढ़िया को रोते हुए देखकर अकबर द्रवित हो गए।

प्रश्न 12 - बुढ़िया को मल्लाह पर गुस्सा क्यों आया?

उत्तर - बुढ़िया घर पहुँची तो उसके घर में कुहराम मचा था। बच्चे बिलख-बिलखकर रो रहे थे, इसलिए बुढ़िया को मल्लाह पर गुस्सा आया।

प्रश्न 13 - अकबर ने सबसे पहले पुल बनवाया और बाद में मस्जिद क्यों?

उत्तर - अकबर महान था वह हमेशा अपनी प्रजा के दुःख-सुख का ख्याल रखता था। उसने अपनी प्रजा की भलाई के लिए सबसे पहले पुल बनवाया बाद में मस्जिद।

प्रश्न 14 - 'तू पार क्या ले जायेगा'? बुढ़िया ने ऐसा क्यों कहा?

उत्तर - अकबर के ठीक से चप्पू नहीं पकड़ने पर बुढ़िया ने अकबर से कहा - तू पार क्या ले जाएगा।

प्रश्न 15 - अगर आप अकबर की जगह होते तो क्या बनवाते?

उत्तर - बच्चे अपने विचार से मस्जिद या पुल बनाने की बात कह सकते हैं और अपना विचार लिख सकते है ।

प्रश्न 16 - इस कहानी के किस पात्र ने आपको सबसे ज्यादा प्रभावित किया और क्यों? लिखिए।

उत्तर - बच्चे अपने विचार लिखेंगे।

## पाठ 21

## सुनता के डोर

प्रश्न 1 - सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(1) 'सुनता के डोर' पाठ म का सिखाए गेहे-

(अ) रोजेच पढ़ई (ब) दिनभर खेलई

(स) मिर जुरके रहई (द) लड़ई करे बर।

उत्तर- (स) मिर जुरके रहई।

(2) कउँवा के भाखा कइसन रहिथे -

(अ) भौं - भौं (ब) काँव - काँव

(स) म्याऊँ - म्याऊँ (द) चिउँ-चिउँ

उत्तर - (ब) काँव - काँव

(3) ए मन म कोन ह मितान नई रहय -

(अ) साँप (ब) कउँवा

(स) मुसवा (द) केछुवा।

उत्तर - (अ) साँप

(4) मितानी के उल्टा का होथे -

(अ) सियानी (ब) जुबानी (स) मया (द) दुस्मनी

उत्तर - (द) दुस्मनी।

(5) 'राजा के सेना ह आवत हे' अइसन गोठ कोन कहिस -

(अ) मुसवा ह (ब) राजा ह (स) मिरगा ह (द)कउँवा ह

उत्तर - (स) मिरगा ह

प्रश्न 2 - मुसवा ह फाँदा ल नई काटतिस त का होतिस ?

उत्तर - मुसवा ह फाँदा ल नई काटतिस त शिकारी ह केछुवा ल अपन संग ले जतिस।

प्रश्न 3 - खाल्हे लिखाय वाक्य ल पढ़व अउ दे गे प्रश्न मन के उत्तर लिखव-

कउँवा - 'बात ए हे, मिरगा ह नदी के तीर म मुरदा बरोबर सूत जाय, अउ मैं ओकर देह म देखाए बर चोंच मारहूँ। शिकारी ह मिरगा ल

उठाय बर केछुवा ल भुइयाँ म रख दिही । जतका बेरा म ओहर मिरगा तक पहुंचही ओतका बेरा म मुसवा ह केछुवा के फाँदा ल काट के निकाल दिही।

1. नदी के तीर मा मुर्दा बरोबर सुत जाय। कोन ह कहिस हे?

उत्तर - मिरगा ह नदी के तीर मा मुर्दा बरोबर सुत जाय। कउँवा ह कहिस हे।

2. कोन ह फाँदा ल काटके कोन ल निकाल दिही ?

उत्तर - मुसवा ह फाँदा ल काट के केछुवा ल निकाल दिही।

प्रश्न 4 - कउँवा, परेवा, मुसुवा अऊ केछुवा कतिहां रहिथें?

उत्तर - कउँवा अऊ परेवा ह घोंसला म रहिथे, मुसुवा ह बिला म अऊ केछुवा ह पानी म रहिथे।

प्रश्न 5 - खाल्हे म लिखाय सबद के उल्टा अरथ वाले सबद लिखव-

1. मितान ................

2. तीर ..................

उत्तर -1. दुस्मन 2. दूरिहा

प्रश्न 6 - केछुवा ल फाँदा ले बचाए बर कउँवा हर का जुगती बनाइस?

उत्तर - छात्र ख़ुद ले प्रयास करय।

प्रश्न 7 - पाठ म आय तीन क्रिया सबद लिखव।

उत्तर - 1. रोय लगिन ।

2. मर जाहूं ।

3. राजी होगे ।

प्रश्न 8 - संज्ञा के संग 'मन' प्रत्यय लगा के वचन बदलव ।

1. मछरी तउँरत हे ।

उत्तर - मछरी मन तउँरत हे ।

2. मुसवा के तिर मा चल दिस ।

उत्तर -मुसवा मन के तीर म चल दिस ।

3.मिरगा दउँड़त आइस।

उत्तर - मिरगा मन दउँड़त आइस ।

प्रश्न 9 - कहानी ल पढ़ के बतावव - ये गोठ ल कोन ह कोन ल कहिस ?
"भाई दूरिहा रह उही बने हे ।"कोन ह कोन ल कहिस हे ?

उत्तर - "भाई दूरिहा रह उही बने हे। "मुसवा ह कउँवा ल कहिस हे।

प्रश्न 10 - खाल्हे म दे गे सबद मन ले खाली जगह ल भरव -
(अहित, भरोसा, मर, भागमानी, मितान)
" मोर ऊपर -------- कर, मैं तोर -------- नइ होवन देवंव। तैं ह मोला अपन ------- बना लेबे त मय अपन आप ल बड़ ----------- समझहुं अऊ कहूं मोला अपन मितान नइ बनाये त मय ह बिना खाए पिए ------- जाहुं।"

उत्तर -भरोसा, अहित, मितान, भागमानी, मर ।

प्रश्न 11- 'सुनता के डोर' कहानी ले तुमन ल का सीखे बर मिलिस?

उत्तर - 'सुनता के डोर' कहानी म बताए गे हे कि कतको बड़े मुसीबत आ जाय, फेर हमन सब्बो मित-मितान मिल जुरके रहिबो त कोनो हमन ल नुकसान नइ पहुँचा सकय। सुनता म ही सब्बो समस्या के हल होथे। कउँवा, मुसवा, केछुवा अउ परेवा के सुनता सलाह ह काम आइस अउ शिकारी ह मुड़ी धरकर बइठे रहिगे। एक ठन लकड़ी ल कोनो भी खेले-खेल म तोड़ देथे फेर उही लकड़ी मन ल गट्ठा बांधे के बाद कोनो नइ नवां सकय।

प्रश्न 12 - 'सुनता के डोर' कहानी ल नाटक म बदल के लिखव।

उत्तर - लईकामन स्वयं प्रयास करही।

# पाठ - 22

## महापुरूषों का बचपन

प्रश्न 1 - सही विकल्प चुनकर लिखिए।

1. पुल्लिंग शब्द है -

(अ) बुढ़ा (ब) शीशी (स) इलायची (द) घास

उत्तर - (अ) बुढ़ा

2. ‘‘हुजूर ! यह अभी बच्चा है‘‘ किसने कहा -

(अ) सुल्तान ने (ब) शाहजी ने (स) शिवा ने (द) मोहन ने

उत्तर - (ब) शाहजी ने

3. कोर्निश का अर्थ है -

(अ) झुककर आशीर्वाद देना (ब) हाथ मिलाना

(स) झुककर सलाम करना (द) गले मिलना

उत्तर - (स) झुककर सलाम करना

4. स्त्रीलिंग शब्द है -

(अ) मेंढक (ब) युवक (स) दरवाजा (द) घास

उत्तर - (द) घास

5. दान देने वाले को कहते हैं -

(अ) दानदाता (ब) कर्जदाता

(स) जन्मदाता (द) अन्नदाता

उत्तर - (अ) दानदाता

प्रश्न 2 - शाहजी किसके दरबार में नौकरी करते थे?

उत्तर - शाहजी बीजापुर के सुल्तान के दरबार में नौकरी करता था।

प्रश्न 3 - ‘कैटल‘ (KETTLE) की स्पेलिंग किसने गलत लिखा था?

उत्तर - ‘कैटल‘ (KETTLE) की स्पेलिंग मोहन ने गलत लिखा था।

प्रश्न 4 - ‘‘स्वतंत्रता मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर ही रहूँगा‘‘ किसने कहा है?

उत्तर - “स्वतंत्रता मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर ही रहूँगा“ लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने कहा है।

प्रश्न 5 - पिताजी ने सुल्तान से माफी क्यों माँगी?

उत्तर - शिवा ने सुल्तान को कोर्निश नहीं किया इसलिए शिवा के पिताजी ने सुल्तान से माफी माँगी।

प्रश्न 6 - बालक के पिता ने प्रधानाध्यापक से क्या कहा?

उत्तर - मैं अपने पुत्र को आपके विद्यालय से निकाल सकता हूँ किन्तु निरापराध होने पर उसे दंडित नहीं देख सकता।

प्रश्न 7 - परीक्षा कक्ष में अध्यापक क्यों होते हैं?

उत्तर - परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी नकल न कर सके इसलिए अध्यापक होते हैं।

प्रश्न 8 - पाँचवें छात्र ने क्यों कहा कि मैं मार नहीं खाऊँगा?

उत्तर - पाँचवें छात्र ने न तो मूँगफली खाया था और न ही उन्होंने छिलके फैलाये थे। वह चुगली नहीं करता था इसलिए उसने कहा कि मैं मार नहीं खाऊँगा।

प्रश्न 9 - शिवा ने सुल्तान को कोर्निश क्यों नहीं किया?

उत्तर - शिवा एक निडर बालक था और वह माता-पिता, गुरू और माँ भवानी के अलावा किसी के सामने नहीं झुकता था।

प्रश्न 10 - आपने अपने माता-पिता से कौन-सी बातें सीखी है? लिखिए।

उत्तर - बच्चे अपने विचार लिखेंगे।

प्रश्न 11 - महापुरूषों के बारे में जानकारी एकत्र कर लिखिए।

उत्तर - बच्चे स्वयं महापुरूषों के बारे में जानकारी एकत्र कर लिखेंगे।

प्रश्न 12 - नकल करना किसे कहते हैं? क्या नकल करना अच्छा होता है?

उत्तर - बच्चे अपना विचार लिखेंगे।

प्रश्न 13 - क्या आप भी किसी व्यक्ति के व्यवहार से प्रेरित हैं? लिखिए।

उत्तर - बच्चे अपने विचार लिखेंगे।

## पाठ - 23

## गुरू और चेला

प्रश्न 1 - सही विकल्प चुनकर लिखिए।

1. सड़के .................... थी।

(अ) चमाचम (ब) खटाखट (स) चकाचक (द)चटाचट

उत्तर - (अ) चमाचम

2. 'मुसीबत मुझे मोल लेना नहीं है' किसने कहा -

(अ) ग्वालिन ने (ब) गुरू ने (स) चेला ने (द) राजा ने

उत्तर - (ब) गुरू ने

3. किसने गारा गीला किया था?

(अ) कारीगर (ब) संतरी (स) भिश्ती (द) मंत्री

उत्तर - (स) भिश्ती

4. राजा ने किसे फाँसी चढ़ाने का आदेश दिया?

(अ) संतरी को (ब) कारीगर को (स) भिश्ती को (द) मंत्री को

उत्तर - (द) मंत्री को

5. फाँसी पर कौन चढ़ा?

(अ) राजा (ब) मंत्री (स) गुरू (द) चेला

उत्तर - (अ) राजा

प्रश्न 2 - राज्य का क्या नाम था?

उत्तर - राज्य का नाम अंधेर नगरी था।

प्रश्न 3 - "गुरू का कथन झूठ होता नहीं है" किसने कहा है?

उत्तर - "गुरू का कथन झूठ होता नहीं है" राजा ने कहा है ।

प्रश्न 4 - दीवार क्यों गिरा?

उत्तर - तेज बारिश होने के कारण दीवार गिर गया क्योंकि दीवार बनाते समय सावधानी नहीं बरती गई थी।

प्रश्न 5 - अंधेर नगरी में सभी वस्तुओं का मूल्य कितना था?

उत्तर - अंधेर नगरी में सभी वस्तुओं का मूल्य एक समान था।

प्रश्न 6 - चेला खुश क्यों था?

उत्तर - जब संतरी ने कहा कि आपको राजा ने आने का न्यौता दिया है, आपको तुरंत हमारे साथ चलना है तो चेला आज अकेला न्यौता में जाऊँगा और खूब खाऊँगा सोचकर चेला खुश था।

प्रश्न 7 - हमारे देश की मुद्रा का नाम लिखो।

उत्तर - हमारे देश की मुद्रा का नाम रुपया है।

प्रश्न 8 - गुरू ने चेला का प्राण कैसे बचाया?

उत्तर - गुरू ने अपने सुझ-बूझ से अपने चेला का प्राण बचाया। उन्होंने सबसे पहले चेले की कान में मंत्र बताया फिर दोनों लड़ने लगे। यह सब देखकर राजा भ्रमित हो गया और स्वयं फाँसी पर चढ़ गया।

प्रश्न 9 - गुरू ने क्या कहा था जिसे सुनकर राजा फाँसी पर चढ़ गया?

उत्तर - अभी का मुहूर्त मरने के लिए बहुत ही उत्तम है जो अभी मरेगा वह संपूर्ण संसार में राज करेगा। इन बातों को सुनकर राजा फाँसी पर चढ़ गया।

प्रश्न 10- अगर गुरू नहीं आता तो चेला का क्या होता?

उत्तर - अगर गुरू नहीं आता तो चेला को फाँसी पर चढ़ा दिया जाता।

प्रश्न 11- गुरू और चेला क्यों झगड़ने लगे?

उत्तर - राजा को भ्रमित करने तथा चेला की प्राण बचाने के लिए गुरू और चेला आपस में झगड़ने लगे।

प्रश्न 12- अंधेर नगरी में सभी वस्तुओं का मूल्य एक समान क्यों था?

उत्तर - अंधेर नगरी में सभी वस्तुओं का मूल्य एक समान होने का मुख्य कारण वहाँ का अनबुझ राजा था।

प्रश्न 13- राजा गुरूजी की बातों में नहीं आता तो क्या होता?

उत्तर - राजा गुरूजी की बातों में नहीं आता तो चेला को फाँसी पर चढ़ा देता।

प्रश्न 14- मंत्री की गर्दन फँदे के बराबर की होती तो क्या होता?

उत्तर - मंत्री को फाँसी पर चढ़ा दिया जाता।

## पाठ - 24

## बाबा अंबेडकर

प्रश्न 1 - सही विकल्प चुनकर लिखिए।

1. छुआछूत की कुप्रथा को मिटाने का संकल्प किसने लिया?

(अ) सयाजीराव (ब) रमाबाई

(स) मीराबाई (द) बाबा भीमराव अंबेडकर

उत्तर - (द) बाबा भीमराव अंबेडकर

2. 'शूद्र कौन थे' पुस्तक के लेखक हैं -

(अ) पं. जवाहरलाल नेहरू (ब) राजेन्द्र प्रसाद

(स) बाबा भीमराव अंबेडकर (द) सरदार वल्लभ भाई पटेल

उत्तर - (स) बाबा भीमराव अंबेडकर

3. भारतीय बौद्ध महासभा की स्थापना हुई -

(अ) सन् 1947 (ब) सन् 1955

(स) सन् 1950 (द) सन् 1951

उत्तर - (ब ) सन् 1955

4. डॉ. अंबेडकर ने छुआछूत की बुराई से लड़ने के लिए साप्ताहिक पत्रिका निकाला-

(अ) मूकनायक (ब) कौमी आवाज

(स) नवजीवन (द) बहिष्कृत भारत

उत्तर - (अ) मूकनायक

प्रश्न 2 - 'मूकनायक' साप्ताहिक पत्रिका को बंद क्यों करना पड़ा?

उत्तर - धन की कमी के कारण 'मूकनायक' साप्ताहिक पत्रिका को कुछ समय पश्चात् बंद करना पड़ा।

प्रश्न 3 - भीमराव अंबेडकर संस्कृत क्यों नहीं पढ़ पाए ?

उत्तर - संस्कृत के अध्यापक उसे पढ़ाना नहीं चाहते थे इसलिए भीमराव अंबेडकर संस्कृत नहीं पढ़ पाए।

प्रश्न 4 - भीमराव अंबेडकर को सबका प्यार और समानता का व्यवहार कहाँ मिला?

उत्तर - कोलंबिया विश्वविद्यालय में भीमराव अंबेडकर को सबका प्यार और समानता का व्यवहार मिला।

प्रश्न 5 - भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत की कुप्रथा को मिटाने का संकल्प क्यों लिया?

उत्तर - भीमराव अंबेडकर का मानना था कि छुआछूत की कुप्रथा को ईश्वर ने नहीं अपितु मनुष्य ने बनाया है क्योंकि ईश्वर ने सबको समान रूप से जन्म दिया है।

प्रश्न 6 - छुआछूत, भेदभाव, असमानता को दूर करने के लिए कानून में कौन-सा अधिकार मिला है।

उत्तर - छुआछूत, भेदभाव, असमानता को दूर करने के लिए कानून में 'समानता का अधिकार' मिला है।

प्रश्न 7 - 'मूकनायक' पत्रिका निकालने का मुख्य उद्देश्य क्या था?

उत्तर - छुआछूत की बुराई से लड़ने के उद्देश्य से 'मूकनायक' पत्रिका निकाला गया।

प्रश्न 8 - महाराज के दरबार की नौकरी को भीमराव अंबेडकर ने क्यों छोड़ा?

उत्तर - महाराज के दरबार में भीमराव अंबेडकर से कट्टर हिन्दू घृणा करते थे। चपरासी तक उनकी फाइलें फेंककर देते थे। तंग आकर भीमराव अंबेडकर ने नौकरी छोड़ दी।

प्रश्न 9 - अगर आप भीमराव अंबेडकर की जगह होते तो क्या करते?

उत्तर - बच्चे अपने विचार लिखेंगे।

प्रश्न 10 - क्या होता अगर भीमराव अंबेडकर को छात्रवृत्ति नहीं मिलती?

उत्तर - बच्चे अपने विचार लिखेंगे।

प्रश्न 11 - अपने गाँव या शहर में प्रचलित किसी दो कुरीतियों के नाम लिखकर उन्हें दूर करने के उपाय लिखो ।

उत्तर - बच्चे स्वयं करें ।

# पाठ - 25

## चमत्कार

प्रश्न 1 - सही विकल्प चुनकर लिखिए -

1. 'चमत्कार' पाठ में रोशन है -

(अ) विज्ञान का विद्यार्थी (ब) गणित का विद्यार्थी

(स) वाणिज्य का विद्यार्थी (द) कला का विद्यार्थी

उत्तर - (अ) विज्ञान का विद्यार्थी

2. संबोधन विराम चिह्न है -

(अ) । (ब) , (स) - (द) !

उत्तर - (द) !

3. 'पोल खोलना' का अर्थ है -

(अ) जलाकर राख कर देना (ब) रहस्य का पता चलना

(स) हक्का-बक्का रह जाना (द) प्रशंसा का पात्र बनना

उत्तर - (ब) रहस्य का पता चलना

4. 'चमत्कार' पाठ किस विधा से संबंधित है -

(अ) निबंध (ब) कहानी (स) एकांकी (द) पत्र

उत्तर - (स) एकांकी

5. 'मैं सिद्ध योगी हूँ, सबको भस्म कर दूँगा' किसने कहा -

(अ) राहुल (ब) रोशन (स) इंस्पेक्टर (द) स्वामी

उत्तर - (द) स्वामी

प्रश्न 2 - जतिन ने रोना बंद क्यों कर दिया?

उत्तर - मीठी सेकरीन के कारण, जैसे ही जतिन को मीठा-मीठा लगा उसने रोना बंद कर दिया।

प्रश्न 3 - लोगों को स्वामी के ढोंग से किसने बचाया?

उत्तर - लोगों को स्वामी के ढोंग से रोशन व उसके दोस्त राहुल ने बचाया।

प्रश्न 4 - बीमार पड़ने पर हमें कहाँ जाना चाहिए?

उत्तर - बीमार पड़ने पर हमें अस्पताल जाना चाहिए।

प्रश्न 5 - लोग स्वामी जैसे ढोंगी के चंगुल में क्यों फँस जाते हैं?

उत्तर - लोग अशिक्षा, अज्ञानता व जागरूकता के अभाव में स्वामी जैसे ढोंगी के चंगुल में फँस जाते हैं।

प्रश्न 6 - लाल रंग प्राप्त करने के लिए चूने के पानी के साथ क्या मिलाने पर प्राप्त होता है?

उत्तर - लाल रंग प्राप्त करने के लिए चूने के पानी के साथ हल्दी मिलाने पर प्राप्त होता है ।

प्रश्न 7 - पोटैशियम परमैगनेट युक्त कागज में क्या मिलाने पर आग लगता है?

उत्तर - पोटैशियम परमैगनेट युक्त कागज में ग्लिसरीन मिलाने पर आग लग जाता है।

प्रश्न 8 - सेकरीन का स्वाद कैसा होता है?

उत्तर - सेकरीन का स्वाद मीठा होता है।

प्रश्न 9 - अगर राहुल और रोशन सामान नहीं बदलते तो क्या होता?

उत्तर - ढोंगी स्वामी लोगों को आसानी से अपने झांसा में लेकर चंगुल में फँसा लेते।

प्रश्न 10 - इस एकांकी में आपको कौन-सा पात्र अच्छा लगा, उसके प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।

उत्तर - बच्चे अपने विचार लिखेंगे।

प्रश्न 11 - अगर आप रोशन की जगह होते तो क्या करते?

उत्तर - बच्चे अपना विचार लिखेंगे।

प्रश्न 12 - रोशन ने विज्ञान के क्या-क्या चमत्कार बताए?

उत्तर - रोशन ने विज्ञान के चमत्कार बताए जैसे - चूने के पानी के साथ हल्दी मिलाने पर लाल रंग प्राप्त कर सकते हैं एवं पोटैशियम परमैगनेट के साथ ग्लिसरीन मिलाने पर आग लग जाती है।

प्रश्न 13 - तुम ढोंगी बाबा से बचाने के लिए क्या करोगे?

उत्तर - बच्चे स्वयं अपने विचार लिखेंगे।

प्रश्न 14 - प्रस्तुत एकांकी की कथा को अपनी स्थानीय भाषा में लिखो ?

उत्तर - बच्चे स्वयं प्रयास कर लिखेंगे ।


# बढ़ते कदम
# आकलन से शैक्षिक गुणवत्ता की ओर...

**समरूपता, वैधता, विश्वसनीयता**







राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़